

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 04, अंक 12 ग्वालियर सोमवार 1 मार्च 2021 pushpanjalitoday@gmail.com मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

### कोलकाता पहुंचकर ममता पर बरसे शिवराज सिंह चौहान

# 2 मई, दीदी गई, बीजेपी आई

कोलकाता।

**विधानसभा चुनाव तारीखों का ऐलान होने के बाद पश्चिम बंगाल में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। इस बीच बीजेपी नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को बंगाल दौरे पर पहुंचे हैं। शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और टीएमसी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि 2 मई, दीदी गई, बीजेपी आई शिवराज ने कोलकाता में कालीघाट मंदिर में दर्शन किए। कोलकाता पहुंचकर शिवराज सिंह चौहान ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, %पश्चिम बंगाल में बदलाव की लहर है। टीएमसी ने किसानों और गरीबों को केंद्र की योजनाओं का लाभ नहीं देने दिया। राज्य में हिंसा और भ्रष्टाचार है।**



% शिवराज सिंह ने आगे कहा, %पहले वामदल और कांग्रेस ने बंगाल को बर्बाद है और अब टीएमसी। 2 मई दीदी गई, बीजेपी आई।% शिवराज सिंह चौहान आज कोलकाता के निकट धुलागोरी मोड़ से हावड़ा साउथ तक बीजेपी की परिवर्तन रैली में शामिल होंगे। सीएम शिवराज धुलागोरी मोड़, आलमपुर और हावड़ा साउथ में आम सभा को भी संबोधित करेंगे। कोलकाता रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए शिवराज ने कहा था, %हमारे कार्यकर्ताओं की बंगाल में हत्या हो रही है। जनता ममता बनर्जी से त्रस्त है। ममता दीदी घबराई और बौखलाई हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनावों के बाद बंगाल में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। ओपिनियन पोल के नतीजों में पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता सरकार बनती दिख रही है। एबीपी न्यूज- सी वोटर के ओपिनियन पोल के अनुसार, बीजेपी के खाते में 92 से 108 सीटें जाने का अनुमान लगाया गया है। टीएमसी को 148-164 सीटें मिल रही हैं और बीजेपी को 92-108 सीटें मिलने का अनुमान है। इसके अलावा कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन को 31-39 सीटें मिल रही हैं।

**बंगाल में 8 चरणों में होंगे चुनाव:** बता दें पश्चिम बंगाल में 8 चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। पहले चरण की वोटिंग 27 मार्च को होगी। इसके बाद एक अप्रैल, 6 अप्रैल, 10 अप्रैल, 17 अप्रैल, 22 अप्रैल, 26 अप्रैल और 29 अप्रैल को आखिरी चरण का चुनाव होगा। जबकि 2 मई को नतीजे आएंगे।

### मन की बात

## दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल न सीखने का मोदी को है मलाल

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का यह 74वां एपिसोड है। इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों को पानी की अहमियत को लेकर बात की और कहा कि पानी के संरक्षण के लिए हमें प्रयास करने होंगे। इसके साथ पीएम ने दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल न सीखने पर मलाल व्यक्त किया। पीएम मोदी ने बताया कि तमिल भाषा नहीं सीख पाना उनकी कमी है। उन्होंने कहा, %कुछ दिन पहले हैदराबाद की अपर्णा रेड्डी जी ने मुझसे ऐसा ही एक सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि आप इतने साल से पीएम हैं, इतने साल सीएम रहे, क्या आपको कभी लगता है कि कुछ कमी रह गई। अपर्णा जी का सवाल बहुत सहज है, लेकिन उतना ही मुश्किल भी।% पीएम मोदी ने कहा, %मैंने इस सवाल पर विचार किया और खुद से कहा मेरी एक कमी ये रही कि मैं दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल सीखने के लिए बहुत प्रयास नहीं कर पाया, मैं तमिल नहीं सीख पाया। यह एक ऐसी सुंदर भाषा है, जो दुनिया भर में लोकप्रिय है। इस अवसर पर मोदी ने कहा, %कल माघ पूर्णिमा का पर्व था। माघ महीना विशेष रूप से नदियों, सरोवरों और जलस्त्रोत्रों से जुड़ा हुआ माना जाता है। माघ महीने में किसी भी पवित्र जलाशय में स्नान को पवित्र माना जाता है।% उन्होंने कहा, %इस बार हरिद्वार में कुंभ भी हो रहा है। जल हमारे लिए जीवन भी है, आस्था भी है और विकास की धारा भी है। पानी एक तरह से पारस से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। कहा जाता है पारस के स्पर्श से लोहा, सोने में परिवर्तित हो जाता है। वैसे ही पानी का स्पर्श जीवन के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, %मेरे प्यारे देशवासियों, जब भी माघ महीने और इसके आध्यात्मिक सामाजिक महत्त्व की चर्चा होती है तो ये चर्चा एक नाम के बिना पूरी नहीं होती।



## तमिलनाडु की टाइल कंपनी में इनकम टैक्स की छापेमारी में मिले 220 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** सीबीडीटी ने बताया कि आयकर विभाग ने चेन्नई में स्थित एक प्रमुख टाइल्स और सैनिटरीवेयर निर्माता कंपनी पर छापा मारने के बाद लगभग 220 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता लगाया है। यह कार्रवाई 26 फरवरी को की गई और तमिलनाडु, गुजरात और कोलकाता में कुल 20 परिसरों की तलाशी ली गई और उनका सर्वेक्षण किया गया। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि टाइल्स और सैनिटरीवेयर के निर्माण और बिक्री के कारोबार में लगे समूह पर छापे के दौरान 8.30 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए थे। समूह दक्षिण भारत में टाइल्स व्यवसाय में जाना माना है। छापोमारी के दौरान, टाइलों की बेहिसाब बिक्री और खरीद का पता लगाया गया। सीक्रेट कार्यालय में बेहिसाब लेनदेन के विवरण का पता लगाया गया और क्लाउड में बनाए गए सॉफ़्टवेयर का भी पता लगा卐। लगभग 50 प्रतिशत तक का लेनदेन कागजातों से बाहर था। पिछले साल के कारोबार को देखते हुए, आय 120 करोड़ रुपये तक हो सकती है। सीबीडीटी ने कहा, अब तक की कुल अघोषित आय 220 करोड़ रुपये है। दरअसल केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), जो कर विभाग के लिए नीति फ्रेम करता है,वह मतदाताओं को प्रभावित करने में धन की भूमिका की जांच और निगरानी के लिए पूरी तरह से तैयार किया गया है। विभाग ने कहा कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में बेहिसाब नकदी भेजे जाने को ट्रैक किया जा रहा है।

### राहुल के विदेशी दौरों पर शाह का तंज

## मछुआरों के लिए अलग मंत्रालय बन गया, राहुल भैया आप छुट्टी पर थे इसलिए नहीं पता

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु के दौरे पर हैं। पहले उन्होंने पुडुचेरी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राहुल के विदेशी दौरों और मछुआरों पर दिए बयान को लेकर तंज कसा। राहुल ने कुछ दिन पहले कहा था कि मछुआरों के लिए अलग से केंद्रीय मंत्रालय होना चाहिए। शाह ने अपनी सभा में कहा- मोदीजी ने 2 साल पहले ही मछुआरों के लिए अलग से मंत्रालय बनाया है और वह काम कर रहा है। राहुल भैया आपको इसलिए नहीं पता, क्योंकि आप छुट्टी पर थे। पुडुचेरी में कांग्रेस सरकार जाने पर शाह ने कहा, %बड़ा कोहराम मचा कि कांग्रेस की सरकार टूट गई। उनका आरोप है कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराया। आपने ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया, जो पार्टी के नेता के सामने ट्रांसलेशन में झूठ बोलता है। आपने एक झूठे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया। सबसे बड़ा झूठ बोलने का अवॉर्ड नारायणसामी को जरूर मिलना चाहिए। गांधी परिवार की सेवा करने में उनका ध्यान रहता था।% उन्होंने कहा, %इस छोटे से प्रदेश में भ्रष्टाचार की गंगा बहाने का काम नारायणसामी ने किया। सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपए भेजे, आपके गांव में ये रुपए आए हैं क्या? ये रुपए कहां गए, नारायण सामी ने ये रुपए गांधी परिवार की सेवा में दिल्ली भेज दिए।% वंशवाद और परिवारवाद की वजह से ही कांग्रेस देशभर में बिखर रही है। पिछले चुनाव में कांग्रेस किसी और नेता के नेतृत्व में लड़ी। मुख्यमंत्री बनाने की बात आई, तो गांधी परिवार के करीबी नारायणसामी को चुना। यह पुडुचेरी की जनता के साथ धोखा है। मोदी जी ने पुडुचेरी के लिए 115 से ज्यादा योजनाएं भेजीं। यहां की सरकार छोटी राजनीति करना चाहती है। उसने इन योजनाओं को नीचे नहीं आने दिया। उन्हें डर था कि उनकी राजनीति खत्म हो जाएगी। आप भाजपा को बहुमत दीजिए हम, इस छोटे से राज्य को भारत का गहना बनाकर दुनिया के सामने रखेंगे। यहां 75त्न से ज्यादा युवा बेरोजगार हैं। आप एनडीए की सरकार बनाइए, हम इसे 40त्न से नीचे लाएंगे। पुडुचेरी के चुनाव में कांग्रेस ने वादा किया था कि हम आईटी पार्ट्स इलेक्ट्रानिक पार्ट्स लाएंगे। 5 साल बीत गए नारायणसामी जी कहां हैं ये पार्ट्स। हम भी देख लें। 2006 में लोकल बॉडी का चुनाव हुआ था।



## किसानों से बातचीत के लिये दिल्ली सीमा पर क्यों नहीं जाते पीएम

**नई दिल्ली ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ जारी आंदोलन के बीच सरकार पर हमला बोला और कहा कि मंदी वाले साल में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद प्रदर्शनकारी किसानों के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है जैसे वे देश के दुश्मन हों। पूर्व वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि दिल्ली सीमा पर धरना दे रहे किसानों से बातचीत के लिये उन्होंने 20 किलोमीटर की यात्रा नहीं की जबकि वह केरल और असम की यात्रा कर रहे हैं । कांग्रेस नेता ने हिंदी में ट्वीट किया, %%मंदी वाले साल में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि के लिए कृषि क्षेत्र को पुरस्कृत करना, प्रदर्शनकारी किसानों के साथ ऐसा व्यवहार करना है जैसे कि वे राज्य के दुश्मन हों। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री केरल से असम तक जाते हैं, लेकिन दिल्ली की सीमा पर किसानों से मिलने के लिए 20 किलोमीटर की यात्रा करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, %%सरकार दावा करेगी कि कि उसने किसानों की आय दोगुनी कर दी है। वो यह भी दावा करेंगे कि सभी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिलता है, जबकि सच्चाई यह है कि केवल छह प्रतिशत किसान ही एमएसपी पर अनाज को बेच पाते हैं।






### आजाद ने की पीएम मोदी की तारीफ कहा-

# प्रधानमंत्री मोदी जमीन से जुड़े

नई दिल्ली।

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। श्रीनगर में गुज्जर समुदाय के एक कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि क्करूनरेंद्र मोदी जमीन से जुड़े नेता हैं और लोगों को उनसे सीखना चाहिए कि कामयाबी की बुलंदियों पर जाने के बाद भी कैसे अपनी जड़ों को याद रखा जाता है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा, %कई नेताओं में बहुत सी अच्छी बातें होती हैं। मेरे क्करूमोदी के साथ राजनीतिक मतभेद हैं, लेकिन वास्तव में वे एक जमीनी व्यक्ति हैं। मैं खुद गांव का हूं और मुझे भी इस बात पर बहुत फख्र है। क्करूमोदी भी कहते हैं कि बर्तन मांजता था, चाय बेचता था।**

निजी तौर पर हम उनके खिलाफ हैं, लेकिन जो इंसान अपनी असलियत नहीं छिपाते, वे हमेशा जड़ों से जुड़ें होते हैं। यदि आपने अपनी असलियत छिपाई तो आप मशीनी दुनिया में जी रहे होते हैं।राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आजाद इन दिनों जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता रहे गुलाम नबी आजाद के विदाई समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी जमकर तारीफ की थी। तब गुजरात के लोगों पर कश्मीर में हुए एक आतंकी घटना का जिक्र कर क्करू ने आजाद की खूब तारीफ की थी। मोदी भावुक भी हो गए थे और उन्होंने उस समय जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे गुलाम नबी आजाद को सैल्यूट भी किया था। बाद



में आजाद भी भावुक हो गए थे। कांग्रेस हाईकमान की कार्य प्रणाली को लेकर गुलाम नबी आजाद, कपिल सिब्बल सरीखे नेता कई बार खुले मंच से सवाल उठा चुके हैं। पार्टी से नाराज इन सीनियर नेताओं को त्न-23 के नाम से भी जाना जाता है। इन्होंने ही कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें पार्टी को चलाने के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए गए थे। इन्हीं नेताओं ने शनिवार को जम्मू में इकट्ठा होकर अपनी ताकत भी दिखाई थी। इन नेताओं ने राज्यसभा से रिटायर हुए गुलाम नबी आजाद के साथ पार्टी के सलूक को लेकर भी नाराजगी जताई है। गुलाम नबी आजाद पार्टी के उन 23 नेताओं में प्रमुख चेहरा हैं जो पार्टी नेतृत्व को लेकर मोर्चा खोल चुके हैं। एक दिन पहले ही जी-23 के नेताओं ने कांग्रेस आलाकमान को यह स्वीकार करने की नसीहत दी थी कि पार्टी कमजोर हुई है और इसे मजबूत करने के लिए काम करने की जरूरत है।

# अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद पाली द्वारा मनरेगा कार्यो का निरीक्षण किया गया



**नेनाराम सिरवी पुष्पांजली टुडे**

निकटवर्ती ग्राम पंचायत।बाणियावास. बोमाडडा. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद पाली शक्ति सिंह द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य स्थल पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया गया। पंचायती राज के कार्य का निरीक्षण ग्राम पंचायत के राजस्व गांव पड़ासला कला में आंगनवाड़ी केंद्र के सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य को लेकर निरीक्षण किया गया। मुख्य अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी के अलावा जीटीए अब्दुल वाहिद पंचायत समिति पाली भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद पाली शक्ति सिंह जीटीए अब्दुल वाहिद ए सी ई ओ द्वारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत तालाब खुदाई कार्य आंगनवाड़ी केंद्र की चारदीवारी का निरीक्षण के अलावा अन्य पंचायती राज विभाग संस्थाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र पांडे उप सरपंच एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा ई सी ई ओ का शानदार स्वागत किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद पाली द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य के अलावा शिक्षा विभाग के कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बाणियावास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ई सी ई ओ अधिकारी द्वारा जन सुनवाई की गई जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपनी जंग समस्या का समाधान करने को लेकर अधिकारी के समक्ष चर्चा की गई। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र पांडे पंचायत कार्मिक कनिष्ठ सहायक गौरीशंकर के अलावा अन्य पंचायत कार्मिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

# मुरैना चंबल नदी के रेत को लेकर बड़ी कार्यवाही

## रेत माफियो पर कार्यवाही कर कई ठिकानों को किया नष्ट लगभग 2.5 करोड़ कीमत अवैध रेत को किया नष्ट

**मुरैना ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजली टुडे**



मध्य प्रदेश के मुरैना और भिण्ड जिले की बात की जाये तो यहाँ पर रेत माफियाओं के होशले काफी बुलन्द है । जिसमे नेताओ का सरंक्षण इनको काफी प्राप्त है जिसकी बजय से अवैध रूप से रेत का उत्खनन आपको हर जगह देखने को मिल जायेगा। इसके साथ अगर हम मुरैना की बात करे तो इनके चलते प्रशासन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है जिसके चलते पुलिस भी कार्यवाही करने में कतराती है चूंकि कई ऐसे हादसे हो चुके है प्रशासन अधिकारियों पर की कार्यवाही करने से पहले सोच में पड़ जाते है कि कार्यवाही करें कि नही करे। अभी हाल ही में मुरैना प्रशासन अपनी नींद से जागा है और उसने आज चंबल नदी के रेत माफियाओं के कई ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्यवाही की और रेता से भरे कई ट्रैक्टर ट्रालियों को जब्त किया साथ ही कई लोगो को भी पकड़ कर गिरफ्तारी भी की है आपको बता दे रेत की कीमत लगभग 2.5 करोड़ के लगभग है या फिर इससे अधिक भी हो सकती है। जिसको प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कुछ को नष्ट कर दिया साथ ही कुछ को मट्टी में मिला दिया है। आपको बता दे कि मुरैना प्रशासन द्वारा आज ये सबसे बड़ी कार्यवाही की गई है जिसमे कई संख्या में पुलिस जवानों को लेकर कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। इस कार्यवाही को लेकर शुबह से ही इंतजाम कर लिए थे जिसके बाद इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया। चंबल नदी के कई घाट है जिन पर सबसे प्रमुख रूप से कार्यवाही की गई है जिनमे से भानपुर घाट , पिपरई घाट पर रेत का यह अवैध उत्खनन भारी मात्रा में किया जा रहा था जिसमे काफी मात्रा में ट्रैक्टर ट्राली, डंफर और अन्य साधनों के माध्यम से रेत एकत्रित किया गया था। काफी मात्रा में रेत को छ्ष्ष्क्क की मदत से मट्टी खोद कर बही दबा दिया गया।आपको बता दे कि इसके अलावा मुरैना जिले के थाना सराय छोला, राजघाट व भानपुर गांव क्षेत्र में भी आज सुबह से ही कार्यवाही की गई है और कई जगह पर छापा मार कार्यवाही भी की गई है। जिसमे भारी संख्या में पुलिस के जवान के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# ईको में अज्ञात कारणो से लगी आग,एक युवक झुलसा



**राहुल कुमार की रिपोर्ट पुष्पांजली टुडे**

कस्वा खेरागढ़ में दिनांक 28/02/2021रविवार को खेरागढ थाना क्षेत्र के नगला उदैया मार्ग स्थित एक गली में खड़ी ईको में अज्ञात कारणो से आग लग गई ईको में आग लगी देख लोग घटना स्थल की ओर दौड़े और आग बुझाने मे जुट गए वही लोगो ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया वही ईको के पास खड़े विष्णु पुत्र जगदीश निवासी नगला उदैया मार्ग आग से झुलस गयाल जिसे लोग उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए वही सूचना पर पुलिस मौके पर पहुच गई और आग लगने के कारणो की तलाश मे जुट गई।

# रूपा व्यास अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी रत्न अवाड से दिल्ली में होंगी सम्मानित

**पुष्पांजली टुडे ग्वालियर**



सांचोर संस्थापक एवं महासचिव राष्ट्रीय बाल युवा नारी जागृति मंच(दिल्ली) मुकेश कुमार भोगल ने बताया कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बदलाव मंच अध्यक्षा, शिक्षिका,समाज सेविका व कवयित्री रूपा व्यास को उनकी शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक उपलब्धियों के लिए आगामी 8 मार्च,अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में नारी रत्न अवार्ड-2021% से अलंकृत किया जाएगा। इस अवसर पर भारत के केबिनेट मंत्री,बॉलीवुड अभिनेता व अभिनेत्री उपस्थित होंगे व देशभर के प्रसिद्ध बालक व बालिका,युवा व महिलाएं को सम्मानित किया जाएगा। रूपा की इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थापक सह मार्गदर्शक दीपक क्रांति,सेंट पॉल्स सैकंडरी स्कूल प्रिंसिपल फादर जॉर्ज.वी.जे.,समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं,स्कूल स्टाफ,उनके माता-पिता,मिथलेश व्यास,महेश व्यास,दीपा व्यास,पूर्वी शर्मा,मंच पदाधिकारियों,बदलाव मंच ट्रस्ट अध्यक्ष रूपक क्रांति,रूपेश क्रांति,मुमताज हसन तथा पार्षद वंदना शर्मा,संतोष शर्मा,पार्षद पदमा सोनी,सेवा भारती मनोज मलिक सहित रावतभाटा वासियों ने रूपा को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# कोरोना वैक्सीन द्वितीय चरण के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री चौधरी ने की पत्रकार वार्ता



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल।स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कोरोना वैक्सीन के द्वितीय चरण के संबंध में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पहले चरण में कोविड 19 टीकारण में 6 लाख 51 हजार टीके हमारे हेल्थ वर्कर को मिलाकर लगे थे। टीकाकरण में मध्यप्रदेश आज की स्थिति में देश में द्वितीय स्थान पर है। 1 मार्च से द्वितीय चरण का टीकाकरण प्रारंभ होगा। जिसमें दिनांक 1 जनवरी 2022 तक 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक को शामिल किया जाएगा। प्रदेश के ऐसे लगभग 71 लाख 62 हजार नागरिकों का टीकाकरण किया जाएगा। मध्यप्रदेश में जो चिन्हित शासकीय और निजी संस्थाएं हैं उन्हें कोविड वेक्सीनेशन सेंटर के रूप में चिन्हित किया गया है। 1 मार्च से समस्त शासकीय संस्थाओं में निःशुल्क टीकारण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। चयनित निजी संस्थाओं में टीकाकरण के लिए 250 रूपए का शुल्क लगेगा, जिसमें 100 रूपए का सर्विस चार्च एवं 150 रूपए के प्रति डोज के मान से वेक्सीनेशन किया जाएगा। कोविन-2 पोर्टल के माध्यम से अग्रिम पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें नागरिक टीकाकरण का रजिस्टेशन कराकर तिथि, समय का निर्धारण अपनी इच्छा अनुसार कर सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए नागरिकों को केवल फोटो युक्त एक पहचान पत्र देना होगा

# माघ पूर्णिमा स्नान पर्व पर हजारों लाखों श्रद्धालुओं ने यमुना जी में लगाई डुबकी



**पुलिस प्रशासन व मेला कमेटी की सुरक्षा में स्नान व्यवस्था कुंभ व्यवस्था सुरक्षित इंतजाम रहे**

**हरीनिवास दुबे ब्यूरो चीफ मथुरा पुष्पांजली टुडे**

वृंदावन धाममांग पूर्णिमा स्नान पर्व पर स्थानीय ब बाहर से आए लाखों श्रद्धालुओं ने यमुना जी पर अलग-अलग घाटों पर स्नान कर पुण्य अर्जित कियाद्य श्रद्धालुओं ने स्नान के पश्चात मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुएद्य परिवार सहित अपने शुभचिंतकों की कुशलता की कामना की कुंभ प्रशासन की ओर से स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक बंदोबस्त किए थे द्य मेला अधिकारी मेला आईजी ,मेला एसएसपी, मेला अधिकारी, एसएसपी एसपी सिटी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अधीनस्थों को दिशा निर्देश देते रहे स्नान पर्व को सकुशल ता के लिए स्नान पर्व की पूर्व संध्या पर मेला आयोजित सहित तमाम अधिकारियों ने मेले में तैनात जवानों को ब्रीफ करते हुए मेले की सकुशल ता का पाठ पढ़ाया था माघ पूर्णिमा स्नान पर पर्व पर तड़के से ही श्रद्धालुओं का हुजूम वृंदावन यमुना जी वृंदावन शहर के अलग-अलग यमुना घाटों पर उमड़ा सैलाब जिन्होंने यमुना जी में स्नान करते हुए द्य मंदिरों में पूजा अर्चना की कुंभ प्रशासन की ओर से यह स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे साथ ही हाईवे पर जाम की स्थिति से निपटने के लिए यातायात लाइन लागू किया था द्य ताकि जाम की स्थिति से निपटा जा सके जिससे स्थानीय बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना ना करना पड़ेद्य रेलवे रोड से लेकर वृंदावन कुंभ मेला तक जगह-जगह बैरिकेड लगाकर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया द्य छटीकरा मार्ग ,मथुरा स्टेशन मार्ग ,यमुना एक्सप्रेसवे मार्ग , वेरी गेटिंग की व्यवस्था की गई थी द्य वृंदावन में प्रवेश के लिए सिर्फ पैदल वाइफ ई रिक्शा वाले ही जा सके सुबह के समय पर प्रतिबंध किया गया था द्य ताकि पैदल आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो लेकिन जैसे ही श्रद्धालुओं की भीड़ में कमी देखी गई द्ययानी दोपहर को स्थानीय लोगों व व्यापारियों के लिए दो पहिया वाहनों की आवाजाही शुरू की गई वही मेला क्षेत्र में अतिक्रमण को यह स्नान पर्व की पूर्व संध्या पर शक्ति से हटवा ते हुए सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त रखा गयाद्य मेला प्रशासन की ओर से कोविड-19 की गाइडलाइंस का भी सख्ती से पालन कराया गया।

# आजीवन सहयोग निधि में कार्यकर्ता पूरी तागत से लग जाये: भदौरिया



**संतोष सिंह भदौरिया रिपोर्टर चंबल संभाग पुष्पांजली टुडे**

गोरमी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 2 फरवरी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि से आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम चल रहा है उसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को सहयोग करना चाहिए यह बात मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रसासन राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने आजीवन सहयोग निधि की रसीद कटबाते हुये कही राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा पार्टी हम सबको मान सम्मान प्रतिष्ठा सब कुछ देती है अतः उस पार्टी को चलाने के लिए हम सब कार्यकर्ताओं को भी हर साल कुछ ना कुछ दान अवश्य देना चाहिए इसलिए मैं मेहगांव विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वह आजीवन सहयोग निधि में अपनी सामर्थ्य अनुसार सहयोग करें जिससे हर मंडल का लक्ष्य पूरा हो सके।इस अवसर पर राज्य मंत्री ओपीएस भदौरियाजी ने मेहगांव विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों से अपनी आजीवन सहयोग निधि की रसीद कटवाइ इस अवसर पर भाजपा मंडल गोरमी के अध्यक्ष सुभाष थापक अमायन मंडल के अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह चौहान दंदरौआ मंडल के अध्यक्ष राजवीर गुर्जर राजकुमार जैन निर्मल आर्य नरेश भदौरिया रामकुमार भदोरिया संतोष भदौरिया राजू भदौरिया सुभाष यादव अरविंद जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धूम धाम से मनाया गया अखिल भुवनेश्वरी माँ संकटा देवी का जन्मोत्सव माता के दर्शन मात्र से होते हैं संकट दूर

**दबोह(अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**



नगर दबोह के वार्ड नम्बर 15 में प्राचीन काल से ही अखिल भुवनेश्वरी माँ संकटा देवी का मन्दिर स्थापित है जहाँ भक्तो को दर्शन मात्र से ही सारे संकट से छुटकारा मिल जाता है और सच्चे मन से जो भी भक्त मईया के दरबार में अपनी अर्जी लगाता है माँ उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं,आस्था का केंद्र प्राचीन संकटा देबी मईया का जन्मोत्सब हर बर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है।इसी क्रम में 28 फरवरी 2021 को भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।यहां बता दें कि आज के दिन संकटा मैय्या की नबीन मूर्ती की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।उसी बर्ष से मैय्या का जन्मोत्सब बड़े ही हर्षोल्लाश के साथ धूमधाम से मनाया जाता है।

माँ के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही थी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा हर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ संकटा देवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शंकर जी के मंदिर प्रांगण में सात दिवशीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 21 फरवरी से 27 फरवरी तक किया जा रहा था।आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में अमृत की वर्षा आचार्य पं.श्री पवन कौशिक जी महाराज(श्री धाम वृन्दावन)के मुखारबिंद से की जा रही थी।लगातार सातों दिन कथा श्रोताओं ने कथा का श्रवण किया इस दौरान श्रीमद्भागवत कथा में श्रोताओं को श्री श्री 1008 रामदास महाराज(ददरौआ सरकार),परम् विभूषित रविशंकर महाराज(रावतपुरा सरकार)व मिहोनी सरकार का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ।कथा के समापन पर 28 फरवरी को बैद्धिक मन्त्रो के उच्चारण के साथ पंडितो द्वारा विधिविधान से हवन पूजन कराया गया।जिसमे माँ संकटा देवी कमेटी के सभी भक्तगणों ने हवन पूजन में शामिल होकर आहुतियां दी।

इस श्रीमद्भागवत कथा व महायज्ञ में पारीक्षत के रूप में श्रीमती नीलम अजय सिंह राठौड़(सेवानगर ग्वालियर) मौजूद रहे।माँ के जन्मोत्सव के पावन दिन पर नगर के हज़ारो भक्तो ने देवी मैय्या के दिव्य दर्शन प्राप्त कर माँ के दरबार में मथ्था टेका और विशाल भंडार में प्रसादी ग्रहण की।।यहां बता दें कि मां संकटा देवी मंदिर प्रांगण में विगत 13 वर्षों से अखण्ड ज्योति व अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन निरन्तर चल रहा है जिससे नगर में माता रानी की कृपा बरसती रहे।वहीं सम्पूर्ण कार्यक्रम में व्यवस्थापक के रूप में चौधरी हाकिम सिंह मौजूद रहे।



# रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई भिण्ड में सम्पन्न

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के रोडमेप के अन्तर्गत प्रदेश में प्रत्येक माह एक लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य के अन्तर्गत तकनीकि शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग भिण्ड के माध्यम से जिला मुख्यालय स्थित आईटीआई भिण्ड में मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में चार कंपनियों ने अपनी भागीदारी की।प्राचार्य आईटीआई/जिला रोजगार अधिकारी श्री योगेश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के रोडमेप के अन्तर्गत प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को प्रत्येक माह एक लाख नौकरियां उपलब्ध कराने के अन्तर्गत लगाए जा रहे मेलों की कडी में आईटीआई भिण्ड में मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में केडवरी, टेवा, ओम इन्टर प्रायजेज गुडगांव, प्रवेश एसोशियेड सहित चार कंपनियों ने भाग लिया। मेले में रजिस्ट्रेशन के लिए अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे। जिसके माध्यम से आने वाले बेरोजगार युवाओं ने पहले अपना रजिस्ट्रेशन कराया

# भिंड -हल्का सोनी पटवारी ने किया भ्रष्टाचार पर नंगा नाच

**ब्रजपाल रिपोटर पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव तहसील के हल्का सोनी पर देवेश शर्मा पटवारी हैं उनके बारे में मेहगांव तहसील में बड़ी-बड़ी रकमें रिश्वत के रूप में मांगी जाने की चर्चा जोर पकड़ती जा रही है। फरियादी गेदा लाल जाटव पिता वृंदावन ,जाति जाटव निवासी सोनी ने बताया कि मैंने ग्राम सोनी में अपनी पुत्रवधू माया देवी पत्नी करन सिंह ,जाति जाटव के नाम से कृषि भूमि खरीदी थी ।जिसका आर ए नंबर 692 रकबा 0.25 है ।काफी समय पूर्व खरीदी थी ।तथा इसके नामांतरण आदेश होने उपरांत पटवारी देवेश शर्मा से निवेदन किया कि इसका नामांतरण कर कंप्यूटर पर अंकित करें और भू अधिकार पुस्तिका जारी करें तो संबंधित पटवारी ने डायनासोरस जैसा मुंह फाड़ते हुए ?8000 की रिश्वत की मांग की ।मैंने कहा मेरी पुत्र वधू मजदूरी करती है और बेटा दिव्यांग है ,इतनी मोटी रकम में कहां से लाऊंगा ।अगर आप नामांतरण कर इसे कंप्यूटर पर अंकित करा देते हैं तो मेरे परिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सहायता राशि मिलना शुरू हो जाएगी और जीवन की विकट परिस्थितियों से संघर्ष करने में सहायता



मिल जाएगी ।लेकिन पटवारी ने निर्दयता दिखाते हुए ऐसा नहीं किया तो मैंने ऊपर अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही तब उसने भू अधिकार पुस्तिका तो जारी कर दी ।लेकिन कंप्यूटर पर अमल नहीं कराया ,और मेरे परिवार के मुंह से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि रूपी निवाला छीन लिया पटवारी ने ।फरियादी भूतपूर्व सैनिक भी है वह कहता है कि मैंने आजीवन देश की इमानदारी से सेवा की है और आज मुझे इस देश की सेवा का इस भ्रष्ट कर्मचारी ने यह पुरस्कार दिया है क्या देश की रक्षा करने वाले को ऐसे ही पुरस्कार किया जाता है ।क्या मेरी गुहार य प्रदेश सरकार सुन पाएगी और वह फूट-फूट कर रोने लगा । ठीक ऐसी ही शिकायत 4 दिन पूर्व भी इस पटवारी के खिलाफ हल्का सोनी से ही शपथ पत्र के द्वारा पेश की गई थी और कहा गया था कि पटवारी नामंत्रण करने के लिए ?20000 की मांग कर रहा है तब मैंहगांव एसडीएम ने इस शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की और पटवारी को हल्का से अपदस्थ कर निर्वाचन में अटैच कर दिया था। लेकिन पटवारी की जोर जबस्ती के सामने एसडीएम मेहगांव की एक न चली एसडीएम मैंहगांव के आदेश की अवहेलना करते हुए पटवारी ने ना तो सोनी हल्का छोड़ा और ना ही निर्वाचन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । संबंधित पटवारी अपने किसानों को ऐसी परेशानी खड़ी करता है ।और अन्य हलकों जैसे बघोराआदि से भी अन्य पटवारियों के काम में सहयोग कर रिश्वत लेता रहता है।

क्षेत्रवासियों का कहना है अगर पटवारी के खिलाफ सारी शिकायतें झूठी हैं ,तो इस हलके से हटाकर दूसरे हल्के में इनका तबादला कर दिया जाए ।यह पटवारी इस हलके को किसी भी कीमत पर छोड़ने को तैयार नहीं है प्रशासन इसकेआगे बेबस नजर आ रहा है।

# 3 मार्च गोहद में युवा संसद कहां है मेरा रोजगार

**ब्रजपाल रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड देश की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन की ओर ले जाने के सपने नौजवानों को दिखाए जा रहे हैं ,लेकिन उसी बढ़ती अर्थव्यवस्था डी में बेरोजगार नौजवानों के खाली हाथों को काम नहीं मिल रहा है ।केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के कारण शिक्षित नौजवान रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। लेकिन उसे स्थाई रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकारों की विनिवेश संबंधी नीतियों के कारण सरकारी क्षेत्र धीरे-धीरे सिकुड़ता जा रहा है एक तरफ भाजपा नीत मोदी सरकार आत्मनिर्भरता का नारा दे रही है ।तो दूसरी तरफ रेल ,हवाई अड्डे ,बंदरगाह, सेना के हथियार बनाने वाले कारखाने ,बैंक ,बीमा ,स्कूल ,फुटकर व्यापार तक चंद देशी-विदेशी उद्योगपतियों को देती जा रही है ।देश प्रदेश में विकास हो रहा है ,लेकिन रोजगार विहीन विकास होने के कारण



नौजवानों को स्थाई रोजगार नहीं मिल रहा है ।गोहद में आने वाले दिनों में पेयजल का गंभीर संकट गहराने वाला है ।इसीलिए 3 मार्च को दोपहर 11:00 बजे नया बस स्टैंड गोहद में युवा संसद होने वाली है। जिसकी तैयारी के लिए डीवाईएफआई के राज्य महासचिव भूपेंद्र गुर्जर ने गोहद शहर के अंदर मोहल्लों के बीच मीटिंग को संबोधित करते हुए कही ।उक्त जानकारी प्रेस को जारी। विज्ञप्ति में गोहद नगर के संयोज फरमान खान ने दी युवा संसद को अखिलेश यादव पूर्व राज्य अध्यक्ष डी वाई एफ आई ,अनिल दौनेरिया केंद्रीय कमेटी सदस्य, राजेश शर्मा पूर्व राज्य सचिव एवं भूपेंद्र सिंह गुर्जर राज्य महासचिव संबोधित करेंगे नौजवान नेता फरमान खान ने आगे बताया कि भाजपा की मध्य प्रदेश में पिछले 16 वर्षों से सरकार रही है। गोहद विधानसभा से लाल सिंह मंत्री पद पर रहे हैं आज जिले से 2मंत्री हैं ।गर्मी आने से पूर्व गोहद के बंदा में पानी समाप्त होने को है ।गोहद में पेयजल संकट विकराल रूप धारण करने वाला है। भाजपा सरकार को इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं है ।3 मार्च को युवा संसद में रोजगार के साथ गोहद क्षेत्र के गहराते पेयजल संकट पर विस्तार से चर्चा होगी। देश में चल रहे किसान आंदोलन का युवा संसद समर्थन करेगी ।साथी किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी ।नौजवानों को रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन खड़ा किया जाएगा 3 मार्च को युवा संसद सफल करने की अपील करने वालों में फरमान खान ,राहुल प्रजापति ,गौरव गुर्जर ,साबिर खान ,लक्ष्मण माहौर ,दानिश खान, शैलेंद्र जैन ,गोलू राठौर ,राजू जाटव ,कुलदीप राठौर ,संजू जाटव, रशीद खान , सौरभ सिंह गुर्जर, आशिक खान ,साबिर खान गुरुजी ,साबिर खान , सानू अरशद खान इत्यादि।

# दिबियापुर चुनाव के निकट आते ही थाने में चौकीदारों के साथ की गयी बैठक*



**पुष्पांजली टुडे**

दिबियापुर थाने में थानाध्यक्ष ने थानाक्षेत्र के चौकीदारों संग की बैठक व उन्होंने चौकीदारों को उनके कर्तव्यों व कार्यप्रणाली के बारे में बताया । इस दौरान चौकीदारों ने अपने क्षेत्र की सूचनाएं व समस्याओ पर चर्चा की बैठक में सभी चौकीदारों की सूची बनाई गई। इसमें उनका नाम, पता व किस गांव के चौकीदार है, इसकी जानकारी ली गई है व उनके क्षेत्र के उपनिरीक्षकों से मिलवाया गया व क्राइम कंट्रोल व सूचनाओं पर गहन चर्चा की। साथ ही उन्हें पुलिस अधिकारियों , थानाध्यक्ष का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे आसानी से पदाधिकारियों को घटना की सूचना दे सके।पंचायत चुनाव में अवैध शराब, शस्त्र बनाने वालों के बारे में जानकारी कर कार्रवाई करने के लिए चौकीदारों से चर्चा की व साथ ही थानाध्यक्ष दिबियापुर ने चौकीदारों से कहा कि चुनाव से पहले लोग गांव में अवैध शराब की बिक्री करते हैं। अवैध शराब का भंडारण कर वितरण किया जाता है। इसकी जानकारी होते ही पुलिस को सूचना दें। चौकीदारों का नाम गुप्त रखा जाएगा और मौके पर जाकर कार्रवाई की जाएगी । ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की आंख और कान चौकीदार होते हैं। चौकीदार गांव में पुलिस का सबसे सशक्त प्रतिनिधि होता है। गांव का होने के कारण ग्रामीण चौकीदार पर विश्वास कर अपराध नियंत्रण में मदद करते हैं।



## दान देकर कन्या का दान वो फिर भी सिर को झुकाये बैठा है,

**पुष्पांजली टुडे**

वो पिता है अपनी बेटी की खातिर अश्को को छुपाये बैठा है।कलेजे का टुकड़ा देकर कलेजा उसका फट रहा है,देकर दहेज लाखो का वो कर्ज मे दबा बैठा है।रौनक अपने घर की देकर अरमानो का गला घोटा है,इस अनोखी परंपरा मे वो अपना सब कुछ लुटा के बैठा है।धर्म और शास्त्र कहते है कि दान देने वाला बडा होता है,फिर क्यों एक पिता दूसरे पिता के आगे नजरो को झुकाये बैठा है।

# मान सम्मान का कर्ज पूरा करने का पूरा प्रयास किया जाएगा: पुखराज पटेल

**नेनाराम सीरवी पुष्पांजली टुडे**

**निकटवर्ती ग्राम।** बल्दोकीढाणी। आंजना पटेल समाज के सामूहिक कार्यक्रम को लेकर पाली पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल द्वारा अपने सम्मान समारोह को लेकर संपूर्ण ग्राम वासियों को बताया गया कि मान सम्मान का कर्ज पूरा करने को लेकर अपने और से पूरा प्रयास किया जाएगा। आंजना पटेल समाज के सामूहिक कार्यक्रम के दौरान समस्त ग्राम वासियों द्वारा आए हुए मेहमानों का राजस्थानी रीति रिवाज एवं परंपरा के अनुसार माला पर साफा पहनाकर स्वागत किया गया। आंजना पटेल समाज के सामूहिक कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह को लेकर पटेल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत।गिराडडा रूपा राम पटेल द्वारा आए हुए संपूर्ण जनप्रतिनिधियों को अपने संपूर्ण ग्राम वासियों की मुख्य जन समस्या का निवारण करने को लेकर अपील की गई। मुख्य जन समस्या के



बारे में बताया गया कि 70 वर्षों से यहां पर निवास कर रहे ग्रामीणों को अब तक आवंटित शमशान भूमि नहीं मिली। इस दौरान आंजना पटेल समाज के सामूहिक कार्यक्रम के दौरान आए हुए भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ किसान केसरी पाली भंवरलाल सिरवी सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत पाली प्रधान मोहनी देवी पटेल किसान मोर्चा जिला प्रतिनिधि पुखराज पटेल भाजपा के वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्ता उमेश सिंह सोनीगरा गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश राम पटेल पूर्व उप प्रधान पंचायत समिति पाली नरेंद्र सिंह राठौड़ हेमावास सरपंच मोहनलाल पटेल पटेल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी हरी भाई पटेल निवासी रुपावास। एवं स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच मंगलाराम मीणा उप सरपंच आदि सहित संपूर्ण जनप्रतिनिधियों द्वारा।बल्दोकीढाणी। शमशान भूमि आवंटित करने को लेकर आश्वासन दिया गया। इस मौके पर पाली सांसद पीपी चौधरी के निजी सचिव डी आर चौधरी द्वारा समस्त पटेल समाज के बुजुर्गों से अवगत करवाकर बताया गया कि शमशान भूमि आवंटित करने को लेकर संपूर्ण जनप्रतिनिधियों के साथ साथ सांसद सेवा केंद्र की ओर से पूरा प्रयास किया जाएगा और जन समस्या का समाधान करने में पूरा प्रयास किया जाएगा।सम्मान समारोह के दौरान किसान मोर्चा जिला प्रतिनिधि एवं पाली प्रधान के प्रतिनिधि पुखराज पटेल द्वारा संपूर्ण पटेल समाज के बुजुर्ग एवं अन्य पटेल समाज के कार्यकर्ता नवयुग मंडल को आश्वासन के द्वारा बताया गया कि मान सम्मान का कर्ज पूरा करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।इस दौरान भूतपूर्व सरपंच रुपाराम पटेल द्वारा दिया गया आश्वासन को लेकर संपूर्ण भाजपा के पदाधिकारी विधायक कार्यकर्ताओं का आभार जताया गया।

# पुलिस लाइन में आयोजित हुआ एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण




**सोनु कुमार मथुर पुष्पांजली टुडे ?**

एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री सुनील कुमार सिंह एवं वामा सारथी अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारीजनों हेतु निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी सिंह द्वारा फीता काटकर आयोजन का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी महोदया डॉ विभा चहल द्वारा आरोग्य देव धनवंतरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा जिला चिकित्सालय से आए सभी चिकित्सकों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में वहां उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा उनके परिवारीजनों द्वारा अपने स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण कराया गया जिसके संबंध में वहां उपस्थित जिला चिकित्सालय एटा के डॉक्टरों द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमो ग्लोबिन, यूरिक एसिड आदि का परीक्षण कर संबंधित को? निशुल्क दवाई भी? वितरित की गई। साथ ही डॉक्टरों द्वारा पुलिस की व्यस्त जीवन शैली में तनाव से बचने तथा स्वस्थ रहने हेतु निम्न सुझाव दिए गए-

1- मल्टीटास्किंग बंद करें ङ्क मल्टीटास्किंग का अर्थ है एक साथ कई काम करना, जैसे कम्प्युटर कर लेता है, कई लोग इसे बहुत बड़ा गुण समझते हैं लेकिन हकीकत में इसके नुकसान अधिक हैं, यह हमारी काम करने की गति को सुस्त और बाधित कर देता है, इससे काम के ज़रूरी पक्षों से ध्यान हट भी सकता है, यह तनाव बढ़ाता है, एक वक़्त में एक ही काम करें।

2- ऊर्जा का क्षय रोकें ङ्क यदि आपने पहली स्टेप में बताये अनुसार तनाव उत्पन्न करनेवाले कारणों की पहचान की है तो आपने शायद ऐसे काम भी नोट किये होंगे जो आपकी ऊर्जा को सिर्फ नष्ट करते हैं, कुछ काम ऐसे होते हैं जिनमें दूसरे कामों कि अपेक्षा ज्यादा ऊर्जा और समय लगता है, उन्हें पहचानें और हटायें, जिंदगी बेहतर जीने के लिए भरपूर ऊर्जा का होना जरूरी है।

3- सरलीकरण करें ङ्क अपनी दिनचर्या को सरल-सहज करना बहुत ज़रूरी है, अपने संकल्प, सूचना-व्यवस्था, आवास और कार्यस्थल, और जीवन में घटित हो रही बातों को सरल बनाना ज़रूरी है, इसके अच्छे परिणाम होते हैं।

4- कसरत करना ङ्क इसके कई लाभ हैं, शारीरिक और मानसिक स्तर पर यह बहुत प्रभावशील है, यह शरीर को फिट रखने के साथ-साथ तनाव से भी कुशलता से निपटती है, एक स्वस्थ और फिट व्यक्ति थकान और दबाव का सामना बेहतर तरीके से कर सकता है, दूसरी ओर, अस्वस्थ होना स्वयं में बहुत बड़ा घाटा है, कसरत हमें रोग और तनाव से दूर रखती है।

5- अच्छा खाएं ङ्क यह कसरत करने जितना, बल्कि उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। सम्यक, संतुलित, और सात्विक आहार शरीर और मन को पुष्ट करता है। तला हुआ चटपट खाना हाजमे को ख़राब करता है और शरीर को बोझिल बनाता है जिससे तनाव होता है आयोजनकर्ता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रामविलास शर्मा द्वारा जिलाधिकारी महोदया एवं एसएसपी एटा को मास्क एवं सैनेटाइजर भेंट किए गए। इस अवसर पर नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अश्वनी कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु उपाध्याय ,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी गुप्ता, तथा उत्तर प्रदेश नीमा के संरक्षक डॉक्टर राम विलास शर्मा, डॉ. एस एस तोमर, डॉ विजेन्द्र सिंह बर्मा, डॉ. मनोज भारद्वाज , डॉ. विशाल गुप्ता, डॉ. आनंद राठौर, डॉ. मुनीश वार्ष्णेय, डॉ. सुरेंद्र मोहान सारस्वत, डॉ. एन पी सिंह, डॉ. अनुज शर्मा, होम्योपैथिक डॉक्टर श्री राजू सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

## कांक्सी सरकार पर 108 कुण्डीय महायज्ञ 15 जून से

# स्वर सम्राट पूज्य महाराज श्यामसुंदर पाराशर जी के मुखारविंद से होगी दिव्य भागवत कथा

**दबोह(अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**

क्षेत्र के प्रसिद्ध कांक्सी सरकार मंदिर पर 15 जून से 22 जून 2021 तक पूज्य गुरु जी सुरेश चंद्र शास्त्री की अध्यक्षता में स्वर सम्राट पूज्य महाराज श्यामसुंदर पाराशर महाराज की दिव्य कथा क्षेत्र के भक्तों को सुनाई जायेगी मंदिर के महंत रामशरण दास जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि सिद्ध श्री कांक्सी सरकार की स्थापना सन 1170 में पृथ्वीराज चौहान ने सिरसागड पर बिजय प्राप्त करने के लिए मंत्री चन्द्रभाट के कहने पर पंडितो को बुलाकर करवाई थी और विजयश्री हांसिल भी की उसके बाद ओरछा नरेश बीर सिंह जूदेव ने मथुरा घाट पर 81 मन सोना दान कर लौटे ओर बिश्राम के लिए कांक्सी सरकार पर रुके ओर एक चमत्कार होते देख जहां एक गाय को शेर दबोचे हुए था पर जैसे ही गाय हनुमानजी महाराज के सामने पहुँचा शेर दूर खड़ा देखता रहा और गाय को नही खा सका ये सब देखकर महाराज वीर सिंह जूदेव ने 1675 में कांक्सी सरकार मंदिर का निर्माण करबाया शुभ मुहूर्त में यज्ञ करवा कर कांक्सी सरकार पर पुजारी रखबाया सन 1950 में एक नागा कांक्सी सरकार पर आ गए उनके बाद सन 1955 में बैदेहीशरण जी बरेई बाले आकर रहने लगे और सरकार की पूजा करने लगे उसके बाद 1966 में रामदास महाराज फरदुआ मंदिर के महंत बने और पच्चीस बीघा जमीन मंदिर के नाम की सन 1981 में महंत रामदास जी के पधारने के बाद जुगलदास नांगा मंदिर



के महंत हुए और 1989 में भागवत के भंडारे के दिन बैकुंठ धाम को पधार गए उनके बाद शियाशरण पुजारी मंदिर के महंत हुए उन्होंने सन 1993 में कांक्सी सरकार पर श्री राम महायज्ञ करबाया उसके बाद रामशरण दास जी उर्फ लल्लू महाराज मंदिर के महंत बने और उन्होंने मंदिर पर कई निर्माण कार्यो के चलते यज्ञ एवम भागवतें करवाई उसी तारतम्य में कांक्सी सरकार के महंत श्री श्री1008 रामशरण दास जी महाराज द्वारा 15 जून से 22 जून 2021 तक 108 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमे स्वर सम्राट पूज्य महाराज श्यामसुंदर जी पाराशर अपनी भागवत कथा के रसास्वादन से कांक्सी सरकार के भक्तों को भक्ति रूपी सागर में डुबकियां लगबायेंगे ।

# शिवपूरा मे नाली निर्माण का कार्य प्रगती पर



**पुष्पांजली टुडे सोजत**

शिवपूरा रा उ मा वि के पास नाली निर्माण का कार्य हो रहा है ये रास्ता सोजत जाने का मेन रास्ता है इस रास्ते पर आवगमन ज्यादा होता है तो आमजन और आने जाने वाले छोटे बड़े वाहन यही से निकलते है तो बहुत दिकत होती है इस रास्ते पर बड़े बड़े पाट लगाए जिसे सभी को राहत मिलेगी और कीचड़ पहले से कम है पहले इस रास्ते की हालत बहुत खराब थी सरपंच प्रतिनिधि नेमाराम ने वहाँ जाकर काम का जायजा लिया

# प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना से स्ट्रीट वेंडरो को मिली खुशीयाँ

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे ग्वालियर**

भिण्ड। कोरोना संक्रमण से बचाव के चलते लॉकडाउन के कारण कई छोटे-छोटे धन्धे करने वालों का बीते दिनों काफी नुकसान हुआ है, लेकिन इसमें सबसे अधिक मार छोटे-मोटे दुकानदार और स्ट्रीट वेंडर को झेलनी पड़ी थी। नगर पालिका परिषद भिण्ड के छोटी माता गढैया निवासी 55 वर्षीय प्रमोद भी उन्हीं लोगों में से एक थे, जिनका धन्धा लॉकडाउन के समय पूरी तरह से ठप हो गया था। प्रमोद स्थानीय छोटी माता गढैया से गीता भवन गली तक फेरी लगाकर पानीपुरी का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करते थे। परिवार में उनके बच्चे और पत्नी है। वैसे ही अपने परिवार को चलाने के लिये पानीपुरी बेचकर भी आमदनी कम पड़ती थी, ऊपर से कोरोना के कारण लगे लॉकडाउन ने प्रमोद की मुश्किलें और बढ़ा दी थी। लॉकडाउन के कारण घर में रखी पानीपुरी का स्टॉक निकल नहीं पाया और खराब हो गई थी। उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या किया जाये।एक दिन प्रमोद को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर



स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मिली। प्रमोद ने योजना का लाभ लेने हेतु नगर पालिक भिण्ड में आवेदन दिया और कुछ ही दिनों में बिना कोई सिक्योरिटी के उन्हें पंजाब नेशनल बैंक द्वारा योजना के अन्तर्गत 10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मिल गया। इस वजह से श्री प्रमोद का धन्धा आज दोबारा पहले जैसी स्थिति में आ गया है। प्रमोद ने कहा कि सरकार ने गरीबों का विशेष ध्यान रखा है। कई स्ट्रीट वेंडरो को यह लोन मिल गया और मिल रहा है।कोरोनाकाल से उबरने में सरकार की ओर से मिली सहायता के लिये मैं आजीवन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभारी रहूंगा।

# किसान और खेती देश की मजबूत अर्थव्यवस्था के हैं आधार :कमल पटेल

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

पवारखेड़ा( होशंगाबाद )।किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि किसान और खेती सशक्त राष्ट्र और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के आधार हैं। किसान मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। मंत्री श्री पटेल होशंगाबाद के पवारखेड़ा में आयोजित मध्यप्रदेश ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित हैं। सरकार के संकल्प को आप सभी के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा नए कृषि कानून बनाए गए हैं। सरकार ने नीतियों और नियमों में परिवर्तन किए हैं। चना, मसूर एवं सरसों अब गेहूँ के साथ खरीदा जाएगा, जिसका सीधा




लाभ लघु एवं सीमांत किसानों को मिलेगा। किसानों की आय को दोगुना करने और खेती किसानी को लाभ का धंधा बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निरंतर सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक होशंगाबाद डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर श्री विजयपाल सिंह, श्रीमती माया नारोलिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोलंकी एवं जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू कर किसानों की फसल लागत में 50त्न लाभ जोड़कर समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। इससे समर्थन मूल्य में निरंतर वृद्धि हो रही हैं। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर चना, मसूर और सरसों की उपज प्रतिदिन 25 क्विंटल खरीदे जाने की सीमा को समाप्त कर दिया गया हैं। अब किसान अपनी उपार्जन क्षमता अनुसार अपनी चना, मसूर एवं सरसों की फसल बेच सकेंगे, जिससे किसानों के धन और समय दोनों की बचत होगी। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के माध्यम से अब किसानों को गाँव की आबादी की भूमि पर मालिकाना हक प्राप्त होगा। योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर हरदा एवं डिंडोरी जिले में लिया गया है। आने वाले समय में सभी जिलों में योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। योजना के तहत किसान अपनी भूमि पर बैंको से विभिन्न व्यवसायिक एवं व्यापारिक प्रयोजन के लिए किफायती ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर सकेंगे। साथी ही व्यापार, व्यवसाय एवं उद्योग स्थापित कर अपनी आलू, प्याज, टमाटर आदि उत्पादों का प्र-संस्करण कर एमएसपी की जगह एमआरपी पर बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में गाँवों के विकास के द्वार खुलेंगे। नरवाई से बनेगा कोयला, पायलेट प्रोजेक्ट होशंगाबाद में- कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि नरवाई से कोयला बनाया जाएगा। इसका पायलेट प्रोजेक्ट होशंगाबाद में प्रारंभ होगा। नरवाई से कोयला बनने पर जहाँ एक ओर पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर किसानों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। मंत्री पटेल ने कहा कि नरवाई जलाने से रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन में उपयोगी कृषि उपकरणों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। विधायक होशंगाबाद डॉ. सीतासरण शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों से प्रदेश खेती किसानी में निरंतर विकास कर रहा है। प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर भी प्रदेश की प्रतिष्ठा स्थापित की हैं।

## संपादकीए

### भाजपा बन गई बड़ी ताकत

इस साल पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, अभी दो राज्यों के चुनावों की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग ने कर दिया है। पश्चिम बंगाल समेत चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीख सामने आने के बाद अब राजनीतिक दल जोर शोर से प्रचार में लग जाएंगे। खास बात यह है जहां कभी भाजपा का कोई वजूद नहीं था आज वहां भाजपा ही मुख्य विपक्षी दल बन कर उभरी है। खासतौर से पश्चिम बंगाल में, यहां ममता दीदी को भाजपा से पहली बार चुनौती मिल रही है। भाजपा के बड़े बड़े नेता बंगाल में चुनाव का प्रचार कर रहे हैं। 2011 में सत्ता में आई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पहली बार इतनी कड़ी टक्कर मिल रही है। 34 साल बंगाल पर राज करने वाली लेफ्ट का कोई अता पता नहीं दिखा रहा, टक्कर सिर्फ टीएमसी और भाजपा के बीच दिख रही है। पिछले बंगाल चुनाव में भाजपा को 11 फीसदी वोट मिले थे और टीएमसी को 45 फीसदी वोट मिले थे। आज भाजपा जोर-शोर से बंगाल को फतह करने में लग गई है जो ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है जहां हिंदी भाषी नेताओं को कम तवज्जो दी जाती है। लेकिन कुछ समय में ही पीएम मोदी ने तमिलनाडु को कई सौगातें दी हैं। अब भाजपा के बड़े नेता वहीं भी जमीनी स्तर पर अपना काम शुरू कर रहे हैं। ऐसा पहली तमिलनाडु में 40 साल में पहली बार करुणानिधि और जयललिता के बिना चुनाव होंगे। जयललिता छह बार और करुणानिधि पांच बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रहे। लेकिन भाजपा धीरे-धीरे हिंदुत्व की आगे करके अपने पैर जमाने की कोशिश कर ही है। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल डीएमके को हिंदू विरोधी कहा था। भाजपा नेता और गृह मंत्री लगातार असम का दौरा कर रहे हैं साथ ही बड़ी बड़ी जनसभाओं को संबोधित कर रहे है। वहां का मुख्य मुद्दा एनआरसी है। असम में एनआरसी लागू होने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। भाजपा इसे हर जनसभा में लागू करने की बाद कहती है। वहीं असम में भाजपा ने तिवा स्वायत्त परिषद के चुनाव में 36 में से 33 सीट जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। इसके बाद भाजपा के हौंसले बुलंद हैं। फिलहला असम में भाजपा की ही सरकार है। केरल में एक समय भाजपा का कोई नामोनिशान नहीं था आज लेफ्ट के सामने सबसे चुनौती भाजपा है। लेफ्ट के पास आखिरी गढ़ केरल है जिसमें उसकी सत्ता है। पश्चिम बंगाल और राष्ट्रीय राजनीति में गठबंधन में साझेदार कांग्रेस केरल में लेफ्ट के लिए प्रमुख चुनौती है। केरल में हिंदू समाज वामपंथियों की विचारधारा का समर्थक माना जाता था। लेकिन भाजपा के आने के बाद पूरा वोट बैंक इसकी तरफ खिसक सकता है।

# बिना शिक्षकों के स्कूल

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद**

**मध्य प्रदेश सरकार का यह मत हैं की आजकल छात्र छात्राएं अभिमन्यु जैसी गर्भ से ही शिक्षित पैदा होती हैं और मोबाइल, लेपटॉप युग के कारण अब कोई शिक्षाकी जरुरत नहीं हैं इसलिए बिना शिक्षकों के अध्ययन अध्यापन किया जा सकता हैं इसीलिए रिक्त स्थानों को भरने की जरुरत भी नहीं हैं। इससे कई फायदे हैं। जैसे बिना पढ़े लिखे लोग रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं होंगे। दूसरे उनको घर से बाहर पढ़ने, नौकरी करने की जरुरत नहीं होगी, सब अपढ़ बच्चे अपने माँ बाप के पास रहेंगे और सरकार पर भार नहीं होंगे।**


पर शिक्षा तंत्र में मंत्री, सचिव संचालक, होना अनिवार्य हैं प्राचार्य शिक्षक न हो तो भी शिक्षा का लक्ष्य पूरा हो जाता हैं। जिसके आधार पर हमारी बुनियाद रखी जाती हैं वह बिना नींव के हैं और हम कितनी भी बड़ी से बड़ी बात करले, सपने संजोले, सब्जबाग दिखालो सब झूठे होंगे। जिस प्रकार कोरोना काल में कृतिम, आभासी माध्यमों से पढाई लिखाई का नाटक मात्र पैसा वसूली के लिए किया जा रहा था और किया जा रहा हैं उससे कोई भी संतुष्ट होगा। जिसका ज्वलंत उदहारण माननीय राष्ट्पति, प्रधान मंत्री, मुख्य मंत्री गवर्नर, मंत्री अफसर बेचारे जो जीवंत संपर्क करना चाहते थे उन्हें आभासी दुनिया में रहकर अपना काम करना पड़ रहा हैं। उनसे पूछो बिना जानता जनार्दन के दर्शन बिना कैसा जीवन बीत रहा हैं। शायद कोई न कोई अवसाद ग्रस्त न हो गए हो। इस मायने में बिना स्कूल और शिक्षकों के बेचारे बच्चों का दोहन तो नहो रहा हैं। इस बहाने राज्य सरकार पर वित्त का बोझ नहीं रह रहा, कारण वेतन नहीं देना पड़ रहा, भवन की जरुरत नहीं, छात्र स्वंत्रत भारत के स्वतंत्र नागरिक, माँ बाप को कोई चिंता नहीं। उम्र बढ़ेगी फिर इससे कोई फरक नहीं पड़ता की



उनके बच्चों की शादी अवश्य होगी और वे भी बिना पढ़े माँ बाप के औलाद पैदा करने योग्य हैं। बस पढ़े लिखे और बिना पढ़े लिखे माँ बाप बच्चे तो वैसे ही पैदा करते हैं। जिस प्रकार गांव या शहर या महानगर में रूपया की वही समान इज्जत होती हैं इसमें कोई भेदभाव नहीं हैं। वैसे शहर और गांव के अभिभावक अधिकतर मूढ़ होते हैं, मुर्ख नहीं। हमारी मनपसंद सरकार बातें करने और कराने में बहुत निपुण हैं, स्वप्रशंसा और पर निंदा से भर पूर हैं। असली में वर्तमान सरकार के जितने भी मंत्री, विधायक, अफसर इस पीड़ा से मुक्त हैं उन्हें अपनी चिंता नहीं हैं और उनकी नयी पीढ़ी के लिए कान्वेंट और विदेश दूर नहीं हैं और गांव शहरों की चिंता चुनाव के समय होती हैं। आज एक विधायक का पद रिक्त हो जाता हैं तो दिन रात चिंतन मनन चलता रहता हैं क्योकि विधान सभा में बहुमत का सवाल होता हैं पर जिनसे देश का भविष्य बनना हैं उनके प्रति लापरवाह हैं। इस आधार पर हम विश्व गुरु की संभावना तलाश रहे हैं। यह कदम वैसा ही हैं जैसे बैल से दूध निकालना हो। शराब की दुकाने खुलवाने सरकार तत्पर हैं उसका कारण आमदनी, अभी वैश्यालय खोलना हो तो सब सुविधायुक्त अनुकूल व्यवस्था हो जाएँगी, अभी बार रूम की मांग उठेगी तत्काल बात मानली जाएँगी पर अस्पताल, स्कूल ये खर्चीले विभाग हैं इन पर ध्यान नहीं जाता। हां अभी कोई योजना करोड़ों अरबों की हो उस पर तत्काल व्यवस्था बनती हैं, एक बात ध्यान रखना होगा जब तक कोई राष्ट्र में शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था समुचित नहीं होगी वह उन्नत नहीं होगा। हां हम ऊपर से अच्छे दिखेंगे पर हमारा एक्स रे खोखला होगा। हम सब बातें बहुत ऊँची करते हैं, सब्जबाग दिखाते हैं पर धरातल में सब शून्य। यह बात साफ़ इशारा कर रही हैं की 15 साल में तीन गुना बढे सरकारी स्कूल लेकिन 26 हज़ार 977 टीचर्स के पद खाली हैं। अंग्रेजी के 6994, गणित के 7883, केमिस्ट्री के 3497, विज्ञान के 1972 फिजिक्स के 757 प्राचार्य हायर सेकेंडरी --1800, प्राचार्य हाई स्कूल 1643, व्याख्याता -- 3057, उच्च श्रेणी शिक्षक 20277 और एडजस्टमेंट के बाद खाली 5908 ==26385 हमारे देश में राष्टपति, प्रधान मंत्री, गवर्नर, मुख्य मंत्री मुख्य न्यायाधीश और अन्य संवैधानिक पद एक मिनिट के लिए रिक्त नहीं रह सकते पर जिनसे बुनियाद तैयार होती हैं।

# सावधान! कोरोना महामारी अभी नहीं हारी!!

जिस बात का अंदेशा था, वह सामने है. लाख चेतावनियों के बाद भी जरा सी लापरवाही पर दुनिया की इस सदी की महामारी फिर भारी पड़ती दिख रही है. दुनिया के कई देशों में पहले ही कोरोना की दूसरी और कहीं-कहीं इसके बाद की भी लहरें दिखने लगी हैं. भारत में भी विशेषज्ञ लगातार चेता रहे थे. लेकिन हम हैं कि मान नहीं रहे थे. अब महाराष्ट्र और दक्षिण के रास्ते तेजी से फैल रहे नए रूप के कोरोना वायरस ने चिन्ताएँ बढ़ा दी है. कम से कम महाराष्ट्र में तो हालात इस कदर बेकाबू से दिख रहे हैं कि कई शहरों को फिर से लॉकडाउन के साए में करने की मजबूरी जो हो गई है. यही स्थिति कमोवेश दक्षिण के कई राज्यों में है जहाँ एन440 के रूप का कोरोना बहुत ही तेजी से फैल रहा है. सबसे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि कोरोना के नए रूप को ज्यादा खतरनाक और तेजी से फैलने वाला बताया जा रहा है. दुनिया भर में कई जगह यह दिख भी रहा है. मतलब साफ है कि अभी महामारी नहीं हारी है और हम हैं कि मान बैठे थे कोरोना का रोना खत्म हुआ! सवाल फिर वही कि हम क्यों नहीं तैयार थे महामारी के नए रूप और आक्रमण को समझने और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए? इसके जवाब के लिए सरकारों को दोष देने से पहले शायद हमें सबसे पहले खुद से ही पूछना पड़ेगा कि आखिर हम खुद चाहते क्या हैं? कोरोना हाँ या ना! माना कि सरकार, शासन-प्रशासन ने थोड़ी सी छूट दी और कब तक नहीं देती. लेकिन इसका बेजा फायदा भी तो हमने ही उठाया. हालांकि कोरोना के नए रूप या रूपों जो भी कह लें को लेकर भारतीय



वैज्ञानिक भी काफी सजग हैं और लगातार शोध जारी है. हाँ इनका फैलाव अभी सबसे ज्यादा केरल और महाराष्ट्र में ही है जहाँ देश के 74 प्रतिशत से अधिक ऐक्टिव मामले हैं. लेकिन जिस तरह से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भी हर दिन नए कोरोना मरीज सामने आ रहे हैं वह बड़ी खतरे की घण्टी है. कोरोना की नई रफ्तार ग्रामीण इलाकों को भी गिरफ्त में ले रही है जो बड़ी चिन्ता का कारण है. कई महानगरों में पूरे के पूरे अपार्टमेण्ट्स ही बुरी तरह से चपेट में आ रहे हैं तो कहीं पूरा स्कूल संक्रमित मिल रहा है. यानी कुल मिलाकर संकेत अच्छे नहीं हैं. इसी हफ्ते की शुरुआत में अमेरिका में मौतों का आंकड़ा 5 लाख के पार जा पहुँचा. वहाँ के राष्ट्रपति की संवेदनाएँ और दुख इसी बात से समझ से आता है जिसमें उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में ऐसे क्रूर भाग्य को स्वीकार नहीं कर सकते. लेकिन दुख की भावना को भी सुन्न नहीं होने देना है. मोमबत्तियँ जलाकर कोरोना से काल के गाल में समाए लोगों को राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने श्रध्दांजलि दी. इस हफ्ते की शुरुआत में दुनिया भर में कोरोना से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 11 करोड़ 22 लाख 63 हजार के पार जा पहुँची. इस वायरस से अब तक 24 लाख 85 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं ठीक होने वालों की संख्या भी 8 करोड़ 79 लाख के पार पहुँच चुकी है. अमेरिका, भारत और ब्राजील में कोरोना वायरस के संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले सामने आए. अमेरिका में संक्रमण के कुल मामले करीब 2.87 करोड़ तक पहुंच चुके हैं. जबकि अब तक वहां 511,133 लोगों की जान जा चुकी है. दुनिया में इस वक्त कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 2 करोड़ 21 लाख 58 हजार के करीब है. विश्व के नक्शे पर अगर देशों के हिसाब से देखें तो इस हफ्ते की शुरुआत तक सबसे ज्यादा कुल मामले अमेरिका में दर्ज हुए जो 28,765,423 रहे जबकि मौतों का आँकड़ा 5,11,133 पहुँच गया. इसके बाद भारत का नंबर आता है जहाँ कुल दर्ज मामले 11,005,850 रहे जबकि 1,56,418 लोगों की मौत हुई. इसके बाद तीसरे नंबर पर ब्राजील है जहाँ कुल दर्ज मामले 10,168,174 रहे जबकि मौतों का आंकड़ा 2,46,560 रहा. ब्रिटेन जहाँ ब्रिटेन दर्ज मामले 41,05,675 जबकि मौतों का आंकड़ा 1,20,365 है. जबकि रूस में दर्ज मामले 4,164,726 हैं जबकि मरने वालों की संख्या 83,293 रही. इसी तरह फ्रांस में दर्ज मामले 35,83,135 और मृतकों की संख्या 84,147 रही. छठे क्रम पर स्पेन जहाँ दर्ज मामले 31,33,122 तथा मृतकों की संख्या 67,101 रही. वहीं इटली में दर्ज मामले 27,95,796 और मौतों की संख्या 95,486 रही. तुर्की में तुर्की दर्ज संख्या 26,31,876 रही जबकि मृत्यु का आंकड़ा 27,983 है. जबकि तुर्की में दर्ज मरीजों की संख्या 26,31,876 तथा मृतकों की संख्या 27,983 है. मैक्सिको में दर्ज मरीजों की संख्या 20,38,276 है जबकि मृतकों की संख्या 1,79,797 रही. जबकि ईरान में दर्ज मामले 15,66,081 थे जबकि मृत्य 59,409 लोगों की हुई. पेरू में जहाँ कुल दर्ज मामले 12,75,899 है ।

## चिंतन मंथन

### सच को छुपाने का परिणाम

एक बार की बात है। एक व्यक्ति का पुत्र कमाने के लिए विदेश गया। विदेश कमाने गए पुत्र ने अपने पिता को एक बहुत ही सुंदर अंगूठी भेजी। पत्र में उसने लिखा, 'पिताजी! आपको मैं एक अंगूठी भेज रहा हूं। उसका मूल्य है पांच हजार रुपए। मुझे सस्ते में मिल गई थी, इसलिए मैंने आपके लिए खरीद ली' बेटे द्वारा भेजी गई अत्यंत सुंदर अंगूठी पाकर पिता प्रसन्न हो गया। पिता ने बड़े शौक से वह अंगूठी पहन ली। अंगूठी बहुत ही चमकदार और सुन्दर थी। बाजार में पिता को कई मित्र मिले। नई अंगूठी को देख कर सबने पूछा, 'यह कहां से आई?' पिता ने कहा, 'मेरे लड़के ने विदेश से भेजी है। इसे खरीदने में उसने पांच हजार रुपए खर्च किए' पिता का एक मित्र बोला, 'क्या इसे बेचोगे? मैं इस अंगूठी के पचास हजार रुपये दूंगा। ' पिता ने सोचा, पांच हजार की अंगूठी के पचास हजार रुपये मिल रहे हैं। इतने रुपयों में ऐसी दस अंगूठियां आ जाएंगी। उसने अंगूठी निकाल कर दे दी और अपने मित्र से पचास हजार रुपए ले लिए। फिर उसने पुत्र को पत्र लिखा, 'तुमने शुभ मुहूर्त में अंगूठी भेजी। उसे मैंने पचास हजार रुपए में बेच कर पैंतालीस हजार रुपए का लाभ अर्जित कर किया'। लौटती डाक से पुत्र का पत्र आया, 'पिताजी! संकोच और भयवश मैंने आपको पिछले पत्र में सच्चाई नहीं लिखी थी। वह अंगूठी एक लाख की थी' यह सत्य को झुठलाने का परिणाम था।

## विचार मंथन


### सड़क हादसों में सिरमौर बनता भारत

भारत में आज कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है। जिस दिन देश के किसी ना किसी भाग में सड़क हादसा न हुआ हो। जिसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। विकास की प्रतीक मानी जाने वाली सड़कें विनाश का पर्याय बनती जा रही है। विश्व बैंक की सड़क दुर्घटना रिपोर्ट 2019 के मुताबिक भारत में 2019 में 4 लाख 49 हजार 02 सड़क हादसे हुए। जिनमें 1 लाख 51 हजार 113 लोगों की मौतें हुई और 4 लाख 51 हजार 361 लोग घायल हुए थे। सड़क हादसे में 70 फीसदी मौतें 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में होती हैं। भारतीय सड़कों पर हादसों में प्रतिदिन 415 मौत होती हैं। दुनिया में वाहनों का सिर्फ एक प्रतिशत भारत में है। लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत मौतें इस देश में होती है। भारत को इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दुर्भाग्य से सड़क हादसों की संख्या में कमी नहीं आ रही हैं। देश में सड़क दुर्घटनाओं के शिकार दरअसल गरीब और सबसे कमजोर तबका होता है। अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों पर इसका कहीं अधिक प्रभाव पड़ता है। दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष हार्टविग साफर ने कहा कि भारत सरकार ने हाल के वर्षों में सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के हल के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। उनके मुताबिक भारत सड़क सुरक्षा के मामले में कुछ अच्छे प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत ने अपने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में विश्व बैंक सड़क सुरक्षा मानकों और संस्थागत पहलुओं में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा हमें सुनिश्चित करना होगा कि समुचित मात्रा में 'रोडसाइड बैरियर' हों। सड़कें सुरक्षित हों वाहन भी सुरक्षित हों और वाहनों की जांच की उपयुक्त प्रणाली बनानी होगी। देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। लेकिन अब जैसे-जैसे देश में अनलॉक की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है तो देश उसी पुरानी अवस्था की ओर बढ़ रहा है। परिवहन और यातायात दोबारा तेज होने के साथ ही सड़क हादसों की संख्या और उनसे होने वाली मौत के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। पिछले साल इनकी वजह से 42 हजार 500 लोगों की जान चली गई और एक लाख से अधिक लोग घायल हो गए। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जान जाने से बचायी गईं। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी। शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से नगरीय बस सेवाओं के भरोसे है। जिनमें ज्यादातर बसें पुरानी हो चुकी हैं। कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि शहरों की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हमें इस समय सड़कों पर चल रही बसों के मुकाबले कई गुना अधिक बसों की जरूरत है। बसों की कम संख्या व बढ़ती भीड़ के चलते कोविड-19 के दौर में भी सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। इससे कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ने का खतरा मंडराता रहता है। सड़क हादसों के कारण अक्सर परिवारों की आमदनी के स्रोत को नुकसान होता है व उनकी रोजी रोजगार छिन जाता है। संबंधित परिवार को आर्थिक दिक्कतें होती हैं। जो लोग सड़क दुर्घटनाओं में बच भी जाते हैं उनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है। हालांकि 2019 का मोटर व्हीकल एक्ट सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को बीमा के जरिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराता है।

# चीन के बढ़ते दबदबे को देखते हुए क्वाड चार देशों की वार्ता में चर्चा

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे को देखते हुए अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सहयोग बढ़ाया है। इसमें कानून के शासन का पालन करने समेत समुद्र और आसमान में आवाजाही की स्वतंत्रता तथा विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा शामिल है, ताकि चीन का क्षेत्र में बढ़ता दबदबा कम हो सके।बता दें कि पहली बार %क्वाड% फ्रेमवर्क के तहत चार देशों के विदेश मंत्रियों ने 2019 में न्यूयॉर्क में मुलाकात की थी। इसके बाद दूसरी बैठक 6 अक्तूबर 2020 को टोक्यो में हुई थी। उस वक्त अमेरिका के तत्कालीन विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की थी। इस दौरान भारत के विदेश मंत्री ने कहा था कि %इतने सारे क्षेत्रों में हमारी साझेदारी की प्रगति को देखकर प्रसन्नता हुई। भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए मिलकर काम करेंगे।% क्वाड का फुल फॉर्म क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डॉयलाग है, जिसमें राजनीतिक वार्ता के लिए चार देशों के विदेश मंत्री शामिल होते हैं। इस समूह में चार देश शामिल हैं अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया। पिछले दिनों आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री ने चीन के विकास को सराहा था लेकिन युध्द नीतियों को लेकर चीन को जमकर लताड़ा भी था। इसी लिहाज से यह माना भी जा रहा है कि चीन के हिंद प्रशांत के क्षेत्रो में बढ़ते प्रभावों पर शिकंजा कसने की योजनाओं पर जोर दिया जाएगा। आपको बता दें कि ये राजनीतिक वार्ता अनौपचारिक रूप से सम्पन्न की जाती है। किसी भी योजना के मुताबिक इस बैठक को नहीं कराया जाता है, इसकी शुरूआत जापान के राष्ट्रपति शिंजो आबे के आमंत्रण पर की गई थी।चारों देशों की इस बैठक का उद्देश्य चतुर्भुज रूप से सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाता है, जहां भारत, आस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के विदेश मंत्री एक साथ एक मंच पर तमाम रणनीतियां बनाते हैं और चतुष्कोणीय सुरक्षा को लेकर चर्चा करते हैं।**

बैठक में क्वाड के सदस्यों ने मुक्त और खुले हिन्द प्रशांत क्षेत्र की प्राप्ति के लिए सहयोग पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री डाक्टर एस. जयशंकर ने इस बैठक को सम्बोधित किया। बैठक में शामिल विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुत्ता, कानून के शासन, पारदर्शिता, अन्तर्राष्ट्रीय समुद्र क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के संबंध में एक नियम आधारित अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है। सभी ने राजनीतिक लोकतंत्र, बाजार आधारित अर्थव्यवस्था और बहुलवादी समाज के रूप में अपनी साझा विशेषताओं को रेखांकित किया। सभी ने स्वीकारा कि दुनिया में हो रहे बदलावों को देखते हुए मिलकर काम करने की जरूरत है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने म्यांमार के हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा में वहां कानून के शासन और लोकतंत्र बहाली की बात दोहराई है। यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है कि म्यांमार की राजनीतिक उथल-पुथल के पीछे चीन का हाथ है। चीन ने जिस तरह से म्यांमार में सेना द्वारा किए गए तख्तापलट का समर्थन किया है, उससे म्यांमार की जनता सड़कों पर है। लम्बे संघर्ष के बाद वहां के लोगों ने लोकतंत्र में सांस लेना शुरू किया था और वहां चीनी हस्तक्षेप के विरुद्ध जनभावनाएं भड़की हुई हैं। चीन के बुहान शहर से कोरोना वायरस के फैलने के बाद और चीन की आक्रामकता के चलते क्वाड देशों से उसके संबंध बिगड़ते चले गए। पूर्ववर्ती यूपीए शासन भी क्वाड से परहेज करता रहा और अमेरिका से संबंध मजबूत बनाने में हिचकिचाता रहा। इसका कारण अमेरिकी सरकारों द्वारा पाकिस्तान की मदद करना भी रहा। 2014 में नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद ऐतिहासिक हिचकिचाहट खत्म हो गई। 2017 से लेकर 2020 तक भारत को सीमाओं पर चीनी आक्रामक का सामना करना पड़ा और इस बात की जरूरत महसूस हुई कि चीन की दादागिरी का विरोध करने के लिए क्वाड देशों को एकजुट करने की जरूरत महसूस की गई थी । क्वाड की बैठक से पहले इस बार खास बात यह रही कि पैंटागन ने भारत को एक महत्वपूर्ण सांझीदार बताया। पैंटागन ने अमेरिका और भारत की सेनाओं के बीच महत्वपूर्ण



द्विपक्षीय संबंधों का उल्लेख किया। भारत और अमेरिका के सैनिक इन दिनों राजस्थान में युद्धाभ्यास भी कर रहे हैं। समय-समय पर क्वाड देशों के सैनिक युद्धाभ्यास भी करते हैं। चीन दक्षिण चीन सागर को अपना बताता है। उसने वहां क्रूज मिसाइलें और एंटी मिसाइल सिस्टम तैनात कर रखी हैं। इस सागर को लेकर चीन का वियतनाम, मलेशिया, ब्रूनेई, ताइवान, फिलीपींस से विवाद है। यह सभी देश इस क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों पर अपना अधिकार जताते रहे हैं। भारत ने म्यांमार पर अपना स्टैंड स्पष्ट कर चीन के सामने एक नई चुनौती फैंक दी है। 1970 के दशक में गुटनिरपेक्ष आंदोलन के नेता के रूप में भारत द्वारा नई अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के विचार को अपनाया गया, जिसके परिणाम बहुत ही सीमित रहे। शीत युद्ध के बाद भारत के दृष्टिकोण में एक बार पुनः?बदलाव देखने को मिला। सोवियत संघ के विघटन के बाद एक ध्रुवीय व्यवस्था, भूमंडलीकरण के पक्ष में वाशिंगटन सहमति का उदय हुआ। क्वाड की अवधारणा तो जार्ज डब्ल्यू बुश के दौर में भी थी परन्तु परमाणु कार्यक्रम और कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी विरोध के भय से भारत ने अमेरिका को नियंत्रित करने और एक बहुध्रुवीय वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थापना के उद्देश्य से रूस तथा चीन का समर्थन किया जिसके बाद ब्रिक्स समूह का गठन हुआ। परमाणु मुद्दा और कश्मीर मुद्दा भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव का प्रमुख कारण बन गए। भारत को भी अहसास हुआ कि चीन पर अंकुश लगाना ब्रिक्स समूह के वश से बाहर है। एशिया में एक स्थिर शक्ति संतुलन स्थापित करने में क्वाड की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जब बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति बने तो उन्होंने चीन खतरे को भांप लिया और रणनीति को अंजाम देना शुरू किया। ट्रंप प्रशासन ने भारत-प्रशांत महासागर को स्वतंत्र बनाने के लिए 2017 में क्वाड को पुनर्जीवित कर दिया।

# छोटा सा यह टापू

## देश के खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक है

जब पर्यटन की बात आती है तो हम घुमने के लिए हर समय कुछ नया, देखना चाहते हैं जहां की प्राकृति हमें अपने से बांध ले। गुजरात की मुख्य भूमि से सटा हुआ है छोटा सा यह टापू देश के खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक है दीव। करीब 38 किमी का यह टापू प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। अगर आप प्रदूषित पर्यावरण से दूर शुद्ध व साफ हवा में कुछ दिन गुजारना चाहते हैं तो दमन और दीव आपका एक पसंदीदा ठिकाना हो सकता है। दीव का किला दीव में यों तो प्राकृतिक सुंदरता ही इतनी है कि उसे देखते रहने और महसूस करने में ही वक्त बिताया जा सकता है। फिर भी यहां कई मानवनिर्मित दर्शनीय स्थल भी हैं।



**दीव का किला–** इनमें प्रमुख है दीव का किला। इसको खंभात (गुजरात) के राजा बहादुर शाह ने बनवाया था और बाद में पुर्तगालियों ने भी इसमें कुछ बदलाव किए। तीन तरफ से अरब सागर से घिरा यह किला दिल्ली के लाल किले से सौ साल से अधिक पुराना है। इस किले में सामान, शस्त्र वगैरह पहुंचाने के लिए नहर बनी है। समुद्र से जुड़ी नहर किले के अंदर घूमती आती है। पहले किले के भंडारघर, रसोईघर, शस्त्रागार आदि सभी प्रमुख स्थलों तक इसके ही जरिये नावों से सामान पहुंचाया जाता था। किले की छत से समुद्र और पूरे टापू का विहंगम दृश्य नजर आता है। छत पर अभी भी रखी कई तोपें आकर्षक लगती हैं। इनमें अष्टधातु की बनी एक तोप अनूठी है। आठ धातुओं को मिलाकर इसे बनाया गया है। इसीलिए यह तोप मई-जून की तपती धूप में भी गर्म नहीं होती। इसी किले में बने प्रकाश स्तंभ से पूरे टापू का विहंगम नजारा भी दिखता है। किले में पुर्तगाली योद्धा डाम नूनो डी कुन्हा की कांस्यमूर्ति लगी हुई है।

**मंदिर, पहाड़ और समुद्रतट–** यहां 1610 में निर्मित सेंट पॉल चर्च भी दर्शनीय है। पुर्तगाली स्थापत्य कला के उत्कृष्ट नमूने इस चर्च में ईसा मसीह की संगमरमर की सुंदर प्रतिमा है। खाड़ी के मुहाने पर ही विशाल पत्थर की शिलाओं से निर्मित पानीकोट का दुर्ग है। किसी पानी के जहाज से लगने वाले इस दुर्ग में जलमार्ग से मोटरबोट आदि से ही जाया जा सकता है। यहां भी एक प्रकाश स्तंभ और गिरजाघर है। यहां आप गंगेश्वर और जलंधर मंदिर भी जा सकते हैं। सागर तट पर बने गंगेश्वर मंदिर में चट्टानों के बीच शिवलिंग स्थापित है। समुद्र की गरजती, गूंजती लहरें जब इस शिवलिंग का स्पर्श करती हैं तो लगता है जैसे वे इसका अभिषेक कर रही हों। जलंधर बीच स्थित छोटी सी पहाड़ी पर बना देवी चंडिका मंदिर भी दर्शनीय है। दीव की असली खूबसूरती उसके पहाड़ और सुंदर समुद्रतट हैं। यहां का सबसे सुंदर समुद्रतट नगोआ बीच है। चक्रतीर्थ बीच सूर्यास्त के लिए प्रसिद्ध है। यहां से सूर्यास्त का दृश्य देखना वाकई अविस्मरणीय होता है। इसके निकट स्थित पहाड़ी पर ओपेन एयर थियेटर है। नहाने के लिए मीठे पानी का इंतजाम है और है मौज-मस्ती। दो शाखाओं वाला ताड़ जगह-जगह खिले फूल इस पूरे टापू को अनूठे रंगों और खुशबुओं से भर देते हैं। दीव को होम्का ताड़ के रूप में प्रकृति ने एक और अनूठी चीज दी है। ताड़ की यह इकलौती प्रजाति है जिसका पेड़ ऊपर जाकर किसी गुलेल सा दो शाखाओं में बंट जाता है। किसी-किसी पेड़ में तीन शाखाएं भी उग आती हैं। होम्का ताड़ सिर्फ दीव में ही



होता है।

**कैसे पहुंचें–** नगोआ बीच के सामने ही दीव का हवाई अड्डा है, पर यहां सीमित विमान सेवाएं ही मुंबई, पोरबंदर, अहमदाबाद आदि से उपलब्ध हैं। रेल से जाना हो तो निकटतम स्टेशन केरावल 80 किमी और पोरबंदर स्टीब 100 किमी है। यहां से टैक्सियों, बसों आदि से दीव




पहुंचा जा सकता है।

**कब जाएं–** साल में किसी भी वक्त दीव जाया जा सकता है। गर्म कपड़ों की जरूरत कभी नहीं पड़ती। हां, मई-जून में दीव की सैर कर रहे हों तो पीने का पानी साथ रखें।




**खाना–पीना–** चूंकि यह पर्यटन स्थल है इसलिए यहां खाने-पीने की सभी चीजें उपलब्ध हैं। सी फूड, कांटिनेंटल, साउथ इंडियन, नॉर्थ इंडियन, चाइनीज, मुगलई आदि। दीव में स्थानीय दस्तकारी की चीजों के अलावा समुद्र से निकली सीपियों और दूसरी चीजों से बनी सजावटी चीजें ही खरीदी जा सकती हैं।









# गुणों का भंडार है लौकी



लौकी गैस की समस्या दूर करती है। लौकी में 96 प्रतिशत पानी होता है, यह सलाद की तरह होती है। इसमें कम कैलोरी होती है और यह आसानी से पाचक है। इसमें फाइबर होता है, जिससे दूसरे आहार भी पच जाते हैं। लौकी की तासीर ठंडी होती है और यह हमारे लिवर को दुरुस्त रखती है। पेट के लिए फायदेमंद लौकी में फाइबर होने की वजह से यह अल्सर, पाइल्स और गैस के रोगियों को लिए काफी फायदेमंद सब्जी है। फाइबर होने के कारण लौकी जल्दी पच जाती है और शरीर में गैस की समस्या नहीं होती।

**अन्य रोगों में लाभप्रद–** पर्याप्त मात्रा में लौकी की सब्जी का सेवन कब्ज को भी दूर करता है। पेशाब से जुड़ी समस्याओं केइलाज में लौकी फायदा करती है। अगर पेशाब करते समय किसी को जलन महसूस होती है, तो उसके लिए लौकी या उसका सूप पीना लाभप्रद है। अगर किसी व्यक्ति का लिवर संक्रमित है और ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो लौकी खाना उसके लिए फायदेमंद होता है। कम कैलोरीज है इसमें लौकी में कैलोरी की मात्रा कम होती है। इस वजह से इसे आसानी से पचाया जा सकता है। लौकी के बीज का तेल कोलेस्टेरॉल को कम करता है और यह हृदय के लिए लाभप्रद है। लौकी रक्त की नाड़ियों को भी स्वस्थ बनाती है। लौकी का उपयोग आंतों की कमजोरी, कब्ज, पीलिया, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह, शरीर में जलन आदि में बहुत उपयोगी है।

# सर्जरी के दौरान संगीत सुनने से कम होता है दर्द

लंदन। संगीत के फायदे को लेकर हमेशा से कई शोध सामने आते रहे हैं। एक ताजा शोध में कहा गया है कि सर्जरी से पहले, सर्जरी के दौरान और उसके बाद संगीत सुनने से दर्द, व्यग्रता और दर्द निवारकों की जरूरत कम हो जाती है। लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने मसाज आदि देखभाल के तरीकों और संगीत के असर को लेकर 73 अलग-अलग परीक्षण किए। इस दौरान 7,000 मरीजों का अध्ययन किया गया। शोधकर्ताओं ने अध्ययन के जरिए पहली बार ऑपरेशन थिएटर में संगीत और ऑपरेशन के बाद होने वाले दर्द, तनाव आदि के बीच संबंध पाया। शोध में अलग-अलग तरह के ऑपरेशन के दौरान संगीत के प्रभाव का गहन अध्ययन किया गया। संगीत, उसका समय और अवधि को बदलने पर मिलने वाले परिणाम में अंतर देखा गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि संगीत को सामान्य एनेस्थीसिया की स्थिति में प्रभावी पाया गया।



# हार्मोन थेरेपी से बढ़ सकती है पुरुषों की उम्र

न्यूयॉर्क। लंबी उम्र की चाहत हर किसी को होती है। शोधकर्ताओं ने पुरुषों की उम्र को बढ़ाने का एक तरीका खोज निकाला है। शोध के अनुसार, बड़ी उम्र के पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर को बढ़ाकर उनकी उम्र को बढ़ाया जा सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास में भारतीय मूल के सह शोधकर्ता रजत बरुआ ने कहा, उम्र के साथ पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन का स्तर कम होने लगता है। अगर जेल, पैच या



इंजेक्शन के जरिये शरीर में इसके स्तर को फिर से सामान्य कर दिया जाए तो दिल के दौरे और अन्य आकस्मिक मृत्यु की आशंका कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह इस तरह का पहला अध्ययन है जिसमें टेस्टोस्टेरोन के स्तर को सामान्य करने से ऐसा प्रभाव देखा गया है। जिनके शरीर में हार्मोन थेरेपी के बाद भी स्तर सामान्य नहीं हो पाता है, उनमें इसका विशेष प्रभाव नहीं देखा गया।

# हेपेटाइटिस सी से दिल को भी खतरा

न्यूयॉर्क। हेपेटाइटिस सी वायरस से पीड़ित लोगों के लिवर पर खतरे की बात पहले भी सामने आती रही है। एक ताजा शोध में इसका दिल पर भी दुष्प्रभाव देखा गया है। जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ता प्रोफेसर वेंडी पोस्ट ने कहा, हेपेटाइटिस सी से प्रभावित लोगों में लिवर से जुडी परेशानी पर नजर रखी जाती है, लेकिन शोध के नतीजे बताते हैं कि ऐसे मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टरों को उनके दिल का भी पूरा ख्याल रखना चाहिए। आमतौर पर एचआईवी और हेपेटाइटिस सी का संक्रमण एक साथ होता है और एचआईवी से दिल पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव पहले से पता हैं। उन्होंने कहा कि ताजा शोध में पाए गए नतीजे एचआईवी से इतर हेपेटाइटिस सी से दिल पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की ओर ध्यान दिलाते हैं। शोध में 40 से 70 साल उम्र के 994 लोगों को शामिल किया गया था।



# ऑस्टियो अर्थराइटिस ऐसे आएगा काबू में

अर्थराइटिस का आशय जोड़ों की सूजन से होता है। इसलिए ऐसी किसी बीमारी जिसके कारण जोड़ों में सूजन, दर्द और तनाव आदि समस्याएं पैदा हो जाती हैं, उन्हें अर्थराइटिस कहा जाता है। अगर ऐसी समस्या बार-बार होती है या बहुत समय तक रहती है, तो यह जोड़ों के कार्टिलेज, हड्डियों और समीप के टिश्यू को क्षति पहुंचाती है और दर्द के कारण व्यक्ति की जीवन-शैली पर सीधा प्रभाव डालती है। वैसे तो अर्थराइटिस के अनेक प्रकार हैं, परंतु इनमें सबसे ज्यादा लोग ऑस्टियो अर्थराइटिस से ही प्रभावित होते हैं। क्या है ऑस्टियो-अर्थराइटिस बढ़ती उम्र में ऑस्टियो अर्थराइटिस के मामले कहीं ज्यादा सामने आते हैं। इस अर्थराइटिस में जोड़ बनाने वाली हड्डियों के ऊपर पायी जाने वाली कार्टिलेज की सतह धीरे-धीरे घिस कर खत्म होती जाती है। घिसी हुई सतह आपस में एक-दूसरे से रगड़ने लगती है। इस वजह से दर्द और सूजन आदि रहने लगती है। जोड़ों में पाए जाने वाले साइनोवियल फ्लूड या द्रव के क्षीण होने से यह प्रक्रिया और तेज हो जाती है। कुछ जोड़ों पर ज्यादा असर ऑस्टियो-अर्थराइटिस शरीर के किसी जोड़ को प्रभावित कर सकता है, लेकिन यह ज्यादातर वजन पड़ने वाले जोड़ों जैसे घुटने और कूल्हे को सबसे अधिक प्रभावित करता है। ऑस्टियो अर्थराइटिस की चार अवस्थाएं होती हैं और उसके अनुसार ही इलाज होने पर लाभ मिलता है। ऑस्टियो अर्थराइटिस की पहली अवस्था में दवाओं के साथ विस्को सप्लीमेंट का इंजेक्शन लगाया जाता है। रोग की दूसरी अवस्था में दवाओं के साथ दूरबीन विधि (आर्थोस्कोपी) के जरिये जोड़ की खुदरी सतह को चिकना बनाया जाता है।




# आईवीएफ शिशु की मां को बीमारियों का खतरा

इस्तांबुल। संतानहीन दंपतियों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली तकनीक आईवीएफ का एक दुष्प्रभाव सामने आया है। ताजा शोध में कहा गया है कि आईवीएफ के जरिए मां बनने वाली महिलाओं में पाचन से जुडी गंभीर परेशानियां होने का खतरा ज्यादा रहता है। तुर्की के शोधकर्ताओं ने महिलाओं के दो समूह पर अध्ययन किया। एक समूह में ऐसी महिलाएं थीं, जिन्होंने एक साल पहले प्राकृतिक तरीके से बच्चे को जन्म दिया था, जबकि दूसरे समूह में उन महिलाओं को रखा गया था जिन्होंने आईवीएफ तकनीक से बच्चे को जन्म दिया था। शोध के दौरान दूसरे समूह की महिलाओं में गैस्ट्रो--इसोफेगल रिफ्लक्स डिसीज ([जीओआरडी]) की शिकायत तीन गुना ज्यादा पाई गई। जीओआरडी की स्थिति में पेट में बनने वाला अम्ल भोजननली के जरिए संचरण करने लगता है और सीने में जलन, उल्टी व खाना निगलने में परेशानी पैदा करता है। हालांकि शोधकर्ता इस कारण को नहीं समझ सके हैं कि आईवीएफ तकनीक से मां बनने वाली महिलाओं में इन परेशानियों का कारण क्या है।



# फलों से उम्र के असर को करें बेअसर

नई दिल्ली की चीफ डाइटीशियन डॉक्टर रितिका समाद्दार के अनुसार दिन में एक फल खाने से आपकी त्वचा पर निखार आता है। फलों में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन सी, आयरन, बीटा कैरोटीन और फॉलिक एसिड सरीखे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनमें बहुत कम मात्रा में कैलोरीज होती है। खट्टे फलों जैसे नीबू, संतरा, कीनू, का सेवन अधिक मात्रा में किया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि इनमें विटामिन सी अधिक मात्रा में पाया जाता है। विटामिन सी कोलाजन बनाने में मदद करता है और कोलाजन त्वचा के लिए प्रोटीन बनाता है। ब्लूबेरी, ब्लैकबेरीज, चेरी, लाल और बैंगनी रंग के अंगूर और बैंगनी गोभी में एंटीऑक्सीडेंट्स अधिक मात्रा में होते हैं। इन फलों को खाने से से झुर्रियां कम दिखती हैं। आड़ू और खुबानी में आवश्यक एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो वृद्धावस्था की प्रक्रिया का मुकाबला करने में सक्षम होते हैं। जितना हो सके मौसमी सेब खाएं क्योंकि यह कोलाजन के निर्माण में मदद करता है। कोलाजन के बनने में त्वचा में लचीलापन बना रहता है और झुर्रियां देर से पड़ती हैं।



# पीडीएस वितरण में सेल्समैन कर रहा भ्रष्टाचार

**पुष्पांजली टुडे मेहगांव/भिण्ड-**

एक तरफ भ्रष्टाचार को रोकने मध्यप्रदेश के मुखिया कड़े नियम बना रहे हैं और पीडीएस में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने का

**-दिसम्बर माह का राशन फरबरी में बांटे जाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप का ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

आदेश सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया द्वारा दिया गया उसके बावजूद भी भिण्ड जिले में पीडीएस में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है, आये दिन पीडीएस वितरण में सेल्समैन द्वारा धांधली किये जाने की शिकायतें मिलती रहती हैं लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारी उन भ्रष्ट सेल्समैनों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करते हैं इससे स्पष्ट होता है कि जिले में पीडीएस वितरण में भ्रष्टाचार चरम पर है। हम बात कर रहे हैं मेहगांव तहसील अंतर्गत आने वाले भारोली खुर्द गांव की जहाँ ग्रामीणों ने पीडीएस वितरण करने वाले सेल्समैन पर धांधली का आरोप लगाया है, ग्रामणों का कहना है कि नरेश सेक्रेटरी द्वारा दिसम्बर और जनवरी माह में राशन नहीं बांटा ग्रामीणों का आरोप है कि सेल्समैन ने हितग्राहियों से दो माह पहले ही अंगूठा लगवाकर पर्ची निकाल ली थी जिसका राशन फरबरी में बांटा जा रहा है, गांव के युवक ने जब वहाँ वितरण करवा रहे एक युवक से पूछा कि मशीन पर अंगूठा लगवाकर वितरण क्यों नहीं करवाया जा रहा है? तो उस पर युवक का कहना था कि मशीन खराब है इसलिए बिना मशीन के ही वितरण करवा रहा हूँ। ग्रामीणों का आरोप है कि सेल्समैन नशे का आदी है और अधिकतर वो नशे में ही रहता है वितरण के समय में भी शराब के नशे में रहता है और वितरण भी किसी प्राइवेट लड़के द्वारा करवाया जाता है।





***इनका कहना है-***

ग्रामीणों की शिकायत आई थी मैं वहाँ गया ग्रामीणों ने बताया कि सेल्समैन द्वारा अंगूठा पहले ही लगवा लिया जाता है जिस पर मैंने उन्हें समझाया कि राशन बांटने वाले दिन राशन की दुकान पर आकर ही अंगूठा लगाकर राशन लिया करें। सेल्समैन का कहना था कि मैंने हर माह राशन बांटा है चूंकि मशीन पर अंगूठे लग चुके हैं अगर सेल्समैन के खिलाफ आगे शिकायत मिलती है तो उस पर उचित कार्यवाही करूँगा।

**-सुनील मुदगल फूड इंस्पेक्टर**

# 7 साल से फरार इनामी बदमाश दतिया पुलिस की गिरफ्त में

**दतिया से उप संपादक संदीप प्रधान की रिपोर्ट पुष्पांजली टुडे**

दतिया 7 साल से फरार 21000 का इनामी बदमाश दतिया पुलिस की गिरफ्त में अपराधियों पर सख्त नजर अपराधी रहे सावधान दतिया पुलिस बक्स ने वाली नहीं इनामी बदमाश दतिया जिले का टॉप अंतर राज्य बदमाश अंतर राज्य बदमाश कला यादव थाना पंडोखर बरौनी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार बदमाश से बड़ी मात्रा में हथियार ब जिंदा राउंड बरामद पुलिस अधीक्षक दतिया अमर सिंह राठौर के इनामी व फरारी बदमाशों पर लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य तथा एसडीओपी दतिया सुमित अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में 7 साल से फरार चल रहा ?21000 का इनामी दतिया जिले टॉप तथा अंतराजीय कुख्यात बदमाश बदमाश कला पुत्र हरनाम यादव निवासी ग्राम नुनवाहा हाल निवासी ग्राम निचरौली को गिरफ्तार करने में पंडोखर थाना प्रभारी श्री यादवेंद्र सिंह गुर्जर तथा बड़ौनी थाना प्रभारी श्री रविंद्र शर्मा की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस को बड़ी सफलता हासिल है साल से 7 साल से फरार कुख्यात बदमाश कला यादव हत्या हत्या का प्रयास लूट डकैती गैंगस्टर एक्ट जैसे एक दर्जन अपराधियों में



वांटेड चल रहा था दिनांक 28/02/ 21 को पंडोखर थाना प्रभारी यादवेंद्र सिंह गुर्जर को मुखबिर मुखबिर द्वारा कुख्यात बदमाश कल्ला यादव की थाना पंडोखर के ग्राम सकरपुरा शीतला माता मंदिर के पास आने की सूचना मिली जो तत्काल सूचना से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा तत्काल टीम गठित की गई जिसमें थाना प्रभारी पंडोखर श्री यादवेंद्र सिंह गुर्जर व टीम बड़ोनी थाना प्रभारी श्री रविंद्र शर्मा व टीम द्वारा संयुक्त रुप से दबिश दी गई चारों तरफ से घेराबंदी की गई जिसमें बदमाश कल्ला यादव को ग्राम सकतपुरा शीतला माता मंदिर जंगल थाना पंडोखर से गिरफ्तार किया गया तथा बदमाश के कब्जे से एक 315 बोर की सिंगल शॉट राइफल एक विंडोरिया में 15 जिंदा राउंड 315 बोर के 0.32 बोर की देसी पिस्टल 0.32 बोर के साथ जिंदा रोड बरामद किए गये अपराधी कल्ला यादव एक दर्जन अपराध पंजाबद्ध तथा कई गंभीर अपराधों में चल रहा था वांटेड जिसमें उत्तर प्रदेश के थाना रक्सा जिला झांसी उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के थाना जिगना थाना सिविल लाइन थाना कोतवाली थाना सिनावल जिला दतिया तथा थाना दिनारा जिला शिवपुरी में दर्जनों अपराध पंजीबद्ध है तथा कई गंभीर अपराधों में वांटेड चल रहा था एक बदमाश पर दतिया जिले व शिवपुरी जिले से कुल ?21000 का इनाम घोषित था तथा उक्त आरोपी पर थाना जिगना के अपराधों में माननीय न्यायालय द्वारा तीन स्थाई वारंट जारी किए गए थे उक्त बदमाश की गिरफ्तारी के प्रयास झांसी पुलिस शिवपुरी दतिया जिले की पुलिस द्वारा लगातार किए जा रहे थे जो दतिया जिले को लंबे समय के बाद उक्त बदमाश को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल हुई है गिरफ्तार करने में सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी पंडोखर श्री यादवेंद्र सिंह गुर्जर बड़ौनी थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र गुर्जर थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रियंका यादव एएसआई राजेंद्र सिंह जादौन सएएसआई अवतार सिंह यादव आरक्षक सत्येंद्र सिकरवारआरक्षक राजू गुर्जर आरक्षक हरिमोहन कुशवाहा आरक्षक महेश कोरव आरक्षक रवि कांत कोरव आरक्षक पुष्पेंद्र यादव आरक्षक रविंद्र यादव की रही।



# दमोह के खनिज संसाधनों का दोहन कर स्थापित करेंगे उद्योग - मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 20 लाख किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 400 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में ट्रान्सफर की। दमोह जिला मुख्यालय पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनायेंगे। विकास में मध्यप्रदेश को पीछे नहीं रहने देंगे। हमारी सरकार किसानों, गरीबों, माताओं और बहनों के लिये काम करने वाली सरकार है। कोरोना काल से अब तक विभिन्न योजनाओं के तहत हमने करोड़ों रुपये की राशि किसानों के खातों में भेजी है। आने वाले 15 दिनों में हम पिछले साल खराब हुई फसलों की राहत राशि के तौर पर 1500 करोड़ रुपये की राहत भी प्रभावित किसानों के खातों में ट्रान्सफर करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों की उन्नति एवं समृद्धि के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी प्रदेश के किसानों से गेहूँ, चने का दाना-दाना खरीदा है। इस साल भी खरीदेंगे। दमोह जिले में जिन किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है, उनके लिये पंजीयन की अवधि बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद पटेल, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्री राहुल सिंह और पूर्व मंत्री श्री जयंत मलैया ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना के तहत आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना, देवास, शिवपुरी, शाजापुर और सिवनी जिले के किसानों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने इस दौरान किसानों से योजना का फीडबैक लिया। साथ ही उनकी समस्यायें भी सुनी और उनके निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दमोह जिले को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 482 करोड़ रूपये से अधिक लागत के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें महत्वूपर्ण रुप से 325 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दमोह का सर्वांगीण विकास होगा। दमोह जिले में उपलब्ध खनिज साधनों का दोहन का हम लघु, मध्यम और बड़े उद्योग भी स्थापित करेंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। उन्होंने दमोह जिले में सिंचाई के लिये किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दमोह शहर के लिये चल रही पेयजल योजना के कार्य को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दमोह के सर्वांगीण विकास के लिये सभी महत्वपूर्ण विकास कार्य कराये जायेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि लंबे समय से चल रहे केन-बेतवा का विवाद निपट चुका है। हम शीघ्र ही प्रधानमंत्री से मिलकर इस विषय पर चर्चा करेंगे और शीघ्र ही इन नदियों के पानी को बुन्देलखण्ड की धरती तक पहुँचायेंगे।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 20 लाख किसानों के खातों में ट्रान्सफर किये 400 करोड़ रूपये**

# प्रेस विज्ञप्ति जनपद एटा वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण को दी गयी भावभीनी विदाई



**सोनु कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

एटा आज दिनांक- 28-02-2021 को पुलिस विभाग में निरन्तर सेवा प्रदान करते हुये अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक- 28.02.2021 को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को क्षेत्राधिकारी सदर श्री इरफान नासिर खान द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारीगण से उनका परिचय प्राप्त करते हुये, कर्मियों से सेवाकाल के अनुभव के विषय में जानकारी की गयी। विदाई समारोह में शॉल व माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर पुलिसकर्मियों को विदाई दी गई तथा उनके सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की गयी। समारोह के अन्त में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से भविष्य में किसी भी समस्या, शिकायत अथवा सहायता के लिए निःसंकोच होकर अपनी बात रखने के लिए बताया गया। दिनांक -28.02.2021 को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण का विवरण निम्नवत् है-ट्ठ 1- निरीक्षक श्री चंद्रपाल सिंह पुत्र फूल सिंह तैनाती क्राइम ब्रांच एटा। 2- उ0नि0 श्री राजेंद्र सिंह पुत्र महताप सिंह तैनाती थाना जसरथपुर एटा। 3- मुख्य आरक्षी श्री बच्चू सिंह पुत्र लोचन सिंह तैनाती पेशी सदर। 4- मुख्य आरक्षी श्री अर्जुन सिंह पुत्र नवल सिंह तैनाती पुलिस लाइन एटा 5- मुख्य आरक्षी सरवन लाल पुत्र सोनपाल तैनाती पुलिस लाइन एटा।

# ट्रांसफार्मर से टकराकर कुए मे गिरी स्कार्पियो, टीआई ओर पुलिसकर्मी की मौत





**भोपाल/सिवनी।** प्रदेश के सिवनी के बंडोल थाना इलाके मे स्थित पौड़ी गांव में देर रात हुए दर्दनाक हादसे मे टीआई सहित अन्य पुलिसकर्मी की मौत हो गई। बताया गया है कि रात के समय ट्रांसफार्मर से टकराकर उनकी स्कार्पियो अचानक कुएं में गिर गई ओर उसमें सवार थाना प्रभारी नीलेश परतेती और पुलिसकर्मी चंदू चौधरी की डूबकर मौत हो गई। छिंदवाड़ा के रहने वाले मृतक टीआई छपारा थाने में तैनात थे, ओर घटना के समय वो पूलिसकर्मी के साथ एक मामले की जांच के सिलसिले में चार पहिया वाहन से कान्हीवाड़ा गये थे। वहॉ से लौटते समय पोंडी गांव के पास रात करीब ढाई अचानक जानलेवा हादसा हो गया। अगली सुबह शनिवार को एक किसान जब अपने खेत पर गया जब उसे कुएं में स्कॉर्पियो गिरी हुई नजर आई। किसान ने तत्काल ही इसह्यह्यकी जानकारी पुलिस को दी।

# सीएम ने विधानसभा की कार्यवाही का वीडियो किया वायरल

**भोपाल।** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बयान का वीडियो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो में मुख्यमंत्री शिवराज की तरफ इशारा करते हुए कमलनाथ कहते हैं, कम से कम आपकी साइकिल हमें तो दिलवा दीजिए। इस पर शिवराज कहते हैं, आपकी उम्र का लिहाज करता हूं। किसी भी कीमत पर आपको साइकिल नहीं दूंगा। दरअसल, कमलनाथ ने महंगे होते पेट्रोल-डीजल पर सवाल उठाते हुए शिवराज द्वारा पुरानी सरकारों के वक्त चलाई गई साइकिल को लेकर चुटकी ली थी। कांग्रेस के नरेंद्र सलूजा ने इस पर कहा है, इस तरह विधानसभा की कार्यवाही का वीडियो सार्वजनिक करना नियमों के विरुद्ध है। विधानसभा किसी एक दल की नहीं होती। यह सभी दलों से मिलकर बनती है। यह सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है। यह विशेषाधिकार का मामला है। उन्होंने कहा कि शिवराज जी आपको विधानसभा की कार्यवाही का वीडियो ही वायरल करना था, तो नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ के सिलसिलेवार सारे आरोपों का व आपको दिए गए जवाब का भी वीडियो जारी करने का साहस दिखाना था। सिर्फ एक पक्ष का वीडियो जारी कर आप क्या बताना चाह रहे हैं? देश में संसद की कार्यवाही का लाइव प्रसारण होता है लेकिन, मध्यप्रदेश में विधानससभा के प्रसारण को लेकर सरकार ने रोक लगा रखी है। केवल विधायक जो चाहता है, वह दिखाने का नियम बना रखा है। दर्शकों को अपने साथ दीर्घाओं में सुरक्षा अधिकारी द्वारा निषिद्ध वस्तुएं जैसे शस्त्र, विस्फोटक, कैमरा, लकड़ी, छाता, अटैची, कैस, हैंडबैग, पुस्तक और छपे हुए पोस्टर आदि ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इस मामले में विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि विधानसभा के दौरान भाषण देने वाले का वीडियो उसके ही आवेदन करने पर उसे दिया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दमोह में प्रबुद्धजनों से चर्चा की

## दमोह जिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दमोह जिले के प्रवास के दौरान प्रबुद्धजनों से मिले और दमोह जिले के विकास को लेकर चर्चा की। चर्चा में प्रबुद्धजनों ने दमोह के विकास के बारे में अपने सुझाव रखे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आश्वस्त किया कि दमोह जिला विकास के किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा और पैसे की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होने बताया कि यहां मीथेन गैस भण्डार मिलने से क्षेत्र की तस्वीर बदल जायेगी। बुंदेलखंड में पर्यटन की अच्छी संभावना है। इसका विकास एवं पर्यटन के लिये पूरा उपयोग किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोनाकाल की आपदा को अवसर में बदला है। उन्होंने आत्म-निर्भर भारत बनाने की बात कही है। आत्म-निर्भर भारत के लिए आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश बनाया जायेगा। इसका रोडमेप तैयार कर लिया गया है और





संकल्प के साथ इस दिशा कार्य प्रारंभ हो गया है। भौतिक अधोसंचरनाएँ अच्छी सड़क, सिंचाई व्यवस्था, पेयजल, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए प्रतिद्धधता से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दमोह में आज मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी जा रही है। दमोह की भूमि से प्रदेश के 20 लाख किसानों के खातों में 400 करोड़ रूपये अंतरित किये जा रहे है। प्रदेश में कोरोना काल में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत एक लाख 18 हजार करोड़ रूपये की राशि जनता के खातों में डाली गई। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता की सुधार के लिए 20-25 किलोमीटर के दायरे में सी.एम. राईज स्कूल खोले जायेंगे। तीन साल में दमोह जिले के प्रत्येक गाँव और घर में नल से शुद्ध जल मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केन और बेतवा नदी बुन्देलखण्ड की जीवन रेखा है। केन और बेतवा नदी पर बांध बनाने में आ रहे अवरोधों को दूर कर लिया गया है। नदियों को जोड़कर बाँध बनाया जायेगा और बुन्देलखण्ड की भूमि को सिंचित किया जायेगा। इसमें दमोह जिले की अधिकांश कृषि भूमि सिंचित होगी। उन्होंने कहा कि चर्चा में रेल्वे के संबंध में सुझाव प्राप्त हुआ है, प्रदेश सरकार इसे प्रभावी ठंग से रखेगी। उन्होंने कुर्मी समाज के भवन के लिये जमीन देने और सिन्धी समाज के लोगों को स्थाई पट्टे देने की बात भी कही। कार्यक्रम को केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद पटेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में तीन जिले दमोह, सागर और छतरपुर आते हैं। तीनों जिलों में मेडीकल कॉलेज की सुविधा होगी। दमोह ऐसा संसदीय क्षेत्र है जिसके प्रत्येक जिले में मेडीकल कॉलेज होगा। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, पूर्वमंत्री श्री जयंत मलैया, श्री रामकृष्ण कुसमरिया, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्री राहुल सिंह सहित स्थानीय विधायक, समाजसेवी, चिकित्सक, साहित्यकार, इंजीनियर, एडवोकेट, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न समाजों के अध्यक्ष और वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

# कोहली की कप्तानी में खेलना सपना था : सूर्यकुमार



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव यादव ने कहा है कि विराट कोहली की कप्तानी में खेलना उनका सपना था जिसे पूरा होने की उम्मीद से ही उनकी आंखों में आंसू आ गये थे। आईपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि जब टीम में मेरा चयन हुआ तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था। मैं कमरे में बैठा था और मूवी देखने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान मोबाइल पर नोटिफिकेशन आया कि इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए मेरा चयन हो गया है। ये देखते ही मैं रोने लगा। मैंने अपने माता-पिता, बहन और पत्नी को कॉल किया। हम सब रोने लगे थे। बीसीसीआई की वेबसाइट ने सूर्यकुमार यादव के हवाले से लिखा कि सूर्यकुमार के साथ उनके परिवार का ये सपना था। ये सफर लंबा रहा। सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा परिवार हमेशा मेरे साथ खड़ा रहा। उन्हें खुश देकर मुझे संतुष्टि मिल रही है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो देश से खेले, आखिरकार मेरा भी समय आ गया।

# टीम मो तोक्यो ओलंपिक की तैयारियों को मजबूती देगा: कप्तान रानी

**डसेलडोर्फ ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी ने दुनिया की तीसरे नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ पहले मैच से पूर्व कहा कि अर्जेंटीना दौरे से आत्मविश्वास बढ़ा, लेकिन जर्मनी का दौरा तोक्यो ओलंपिक की तैयारियों को मजबूती देगा। भारतीय टीम शनिवार से जर्मनी के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेलेगी। रानी ने कहा, कि अर्जेंटीना दौरे से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा। एक के बाद एक इन दौरों से हमें तैयारी का सुनहरा मौका मिला। तोक्यो ओलंपिक में अब ज्यादा समय नहीं रह गया है और शीर्ष टीमों के खिलाफ इन मैचों से हमें अपनी कमियों का पता लगाकर लय हासिल करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि जर्मनी के खिलाफ मैचों से उन्हें खेल के हर पहलू में टीम को परखने का मौका मिला। रानी ने कहा कि यह अर्जेंटीना दौरे से एकदम अलग होगा। इसमें फिटनेस के स्तर से लेकर हर पहलू को परखने का मौका मिलेगा। यह दौरा चुनौतीपूर्ण




होगा चूंकि हम लगातार मैच खेलने वाले है। हमारे प्राथमिकता प्रतिस्पर्धी सोच के साथ उतरने की होगी। जर्मनी जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ खेलकर ओलंपिक की तैयारी पक्की होगी। दूसरा मैच रविवार को और आखिरी दो मैच दो और तीन मार्च को खेले जाएंगे।

# विजय हजारे ट्रॉफी : श्रेयस ने राजस्थान के खिलाफ लगाया शतक



**नई दिल्ली।** मुंबई क्रिकेट टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने विजय हजारे ट्रॉफी में लगातार दूसरा शतक लगाया है। अय्यर ने राजस्थान के खिलाफ 116 रन बनाए हैं। इससे पहले उन्होंने महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 103 रनों की पारी खेली थी।अय्यर की पारी की सहायता से ही मुंबई की टीम राजस्थान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट खोकर 317 रन बनाने में सफल रही। अय्यर के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 38, पृथ्वी शॉ ने 36 और सूर्यकुमार यादव ने 29 रन बनाये। अय्यर ने भारतीय टीम की ओर से 21 एकदिवसीय और 24 टी20 मैचों खेले हैं। इस दौरान एकदिवसीय में उन्होंने 807 और टी20 में 429 रन बनाए हैं। अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए भी भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इस बल्लेबाज ने अपने प्रदर्शन से चयन को सही साबित किया है

# भारत के दीपक स्ट्रांजा मेमोरियल के खिताबी मुकाबले में हारे

**सोफिया ।** भारतीय मुक्केबाज दीपक राय को बुल्गारिया में हुए 72वें स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नमेंट में रजत पदक मिला है। दीपक को यहां 52 किलो भाग वर्ग के फाइनल में बुल्गारिया के डेनियल ऐसनोव के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले के दौरान डेनियल ने पहले दो दौर में ही बढ़त हासिल कर ली। वहीं दीपक ने तीसरे दौर में आक्रमक रुख अपनाने का प्रयास किया पर वह मेजबान देश के मुक्केबाज पर हावी नहीं हो पाये और उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। दीपक ने इससे पहले, सेमीफाइनल में ओलंपिक चैंपियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव को 4-1 से हराया था। इसके पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया के डारिसिलव वासिलिव को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। पुरुष वर्ग के ही 69 किग्रा के एक अन्य मुकाबले में भारत के नवीन को कांस्य पदक मिला है।



स्वीडन में महिलाओं की रेस में भाग लेती हुई प्रतियोगी।

# आईसीसी बल्लेबाजी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंचे रोहित

**मुम्बई।** टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईसीसी की ताजा टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंच गये हैं। रोहित ने इंग्लैंड के साथ सीरीज में शानदार प्रदर्शन के साथ ही छह पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग हासिल की है। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शानदार बल्लेबाजी के कारण यह रैंकिंग हासिल की है। दिन-रात्रि के तीसरे टेस्ट में भी रोहित ने 66 रनों की शानदार पारी खेली थी। साल 2019 में टेस्ट क्रिकेट में बतौर सलामी बल्लेबाज उतरने के बाद रोहित ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे में वह बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे थे। रोहित के कुल 742 रेटिंग अंक हैं जबकि अक्टूबर 2019 में उनका रेटिंग अंक 722 थे और वह उस समय वह 10वें स्थान पर थे। वहीं तीसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन और युवा स्पिनर




## गेंदबाजी में अश्विन तीसरे और अक्षर 38वें नंबर पर

अक्षर पटेल की रैंकिंग की बेहतर हुई है। तीसरे मैच में कुल 11 विकेट लेने वाले स्पिन गेंदबाज अक्षर और अश्विन भी रैंकिंग में ऊपर आये हैं। अश्विन एक स्थान के लाभ के साथ ही चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि अक्षर 38वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में चार विकेट लेने के साथ ही पहली बार शीर्ष 30 खिलाड़ियों में आ गये हैं। वह तीन स्थान के सुधार के साथ गेंदबाजों की रैंकिंग में 28वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट गेंदबाजी रैंकिंग में 72वें और ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड के टिम साउदी के साथ संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर आ गए हैं। रुट ने तीसरे टेस्ट में पांच विकेट लिए थे जबकि पहले टेस्ट में दोहरा शतक लगाय था।

# अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 31 मार्च तक बंद रहेंगी



**मुंबई ।** विमानन नियामक (डीजीसीए) ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री उड़ान सेवाओं पर रोक को आगे बढ़ा दिया। अब अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 31 मार्च तक बंद रहेंगी। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध की अवधि को बढ़ाकर 28 फरवरी किया गया था। कोविड-19 महामारी के कारण शेड्यूल्ड अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन पिछले साल 23 मार्च से निलंबित है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक सर्कुलर में कहा ?कि सक्षम प्राधिकरण ने 26 जून, 2020 के सर्कुलर की वैधता बढ़ा दी है। इसके तहत भारत से और भारत के लिए शेड्यूल्ड अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाएं 31 मार्च 2021 तक 23.59 मिनट तक निलंबित रहेंगी। हालांकि चुनिंदा मार्गों पर अंतरराष्ट्रीय शेड्यूल्ड उड़ानों को सक्षम प्राधिकरण द्वारा मामला-दर-मामला आधार पर अनुमति दी जा सकती है। सर्कुलर के अनुसार पाबंदी मालवाहक उड़ानों और डीजीसीए की मंजूरी वाली उड़ानों पर लागू नहीं होगा।

# पेट्रोल और डीजल फिर हुआ महंगा

**मुंबई।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने तीन दिन की राहत के बाद श?निवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी कर दी है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 24 पैसे और डीजल 15 पैसे बढ़ गए हैं। राजधानी में पेट्रोल 91.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 81.47 रुपये प्रति लीटर है। दिल्ली में 27 फरवरी को पेट्रोल के दाम कल के भाव 24 पैसे बढ़कर 91.19 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 15 पैसे की छलांग लगाकर 81.47 रुपए प्रति लीटर पहुंच गए। मुंबई में भी पेट्रोल के भाव 23 पैसे बढ़कर 97.57 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 26 पैसे बढ़कर 88.60 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 23 पैसे बढ़कर 91.35 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 15 पैसे बढ़कर 84.35 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 21 पैसे बढ़कर 93.11 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 14 पैसे बढ़कर 86.45 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 24 पैसे बढ़कर 94.22 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 16 पैसे बढ़कर 86.37 रुपए प्रति लीटर हैं।

# बैंक ने अपने सभी ग्राहकों को किया अलर्ट!

## एसबीआई ने यूपीआई सेवा को बंद करने के लिए जानकारी भी शेयर की

**नई दिल्ली ।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने सभी ग्राहकों को अलर्ट जारी किया है। एसबीआई ने अपने करोड़ों ग्राहकों को यूपीआई फ्रॉड को लेकर अलर्ट किया है। अपने ट्विटर हैंडल पर इसकी जानकारी दी है. एसबीआई ने कहा है कि अगर आपको यूपीआई के जरिए अकाउंट से पैसे डेबिट किए जाने का एसएमएस अलर्ट मिलता है, लेकिन आपके द्वारा किसी प्रकार का कोई डेबिट नहीं किया गया है तो अलर्ट हो जाएं और सबसे पहले यूपीआई सर्विस को बंद कर दें। अलर्ट जारी करते हुए एसबीआई ने ग्राहकों को कुछ सुझाव भी दिए हैं जिनका पालन करने को कहा है। एसबीआई ने यूपीआई सेवा को बंद करने के लिए जानकारी भी शेयर की है। बैंक ने कहा कि यूपीआई सेवा को बंद करने के लिए ग्राहक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800111109 पर कॉल कर सकते हैं या फिर आईवीआर नंबर 1800-425-3800/1800-11-2211 पर भी कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही 9223008333 नंबर पर एसएमएस भेज कर शिकायत बता सकते हैं। एसबीआई का मकसद ग्राहकों के पैसे सुरक्षित




रखना है। बैंक अपने ट्विटर हैंडल और एमएमएस के जरिए ग्राहकों को अलर्ट भेजता रहता है! बता दें कि लाकडाउन के दौरान झबैंकिंग फ्रॉड के मामले बढ़े हैं! आरबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार डिजिटल लेनदेन के चलते साल 2018-19 में 71,543 करोड़ रुपए का बैंकिंग फ्रॉड हुआ है! इस अवधि में बैंक फ्रॉड के 6800 से अधिक मामले सामने आए. साल 2017-18 में बैंक फ्रॉड के 5916 मामले सामने आए थे! इनमें 41,167 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हुई थी! पिछले 11 वित्त वर्ष में बैंक फ्रॉड के कुल 53,334 मामले सामने आए हैं, जबकि इनके जरिये 2.05 लाख करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई है।



### आदर्श ग्राम पंचायत सहोना पहुँचे सांसद, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भवनों का किया लोकार्पण

# शहर की तर्ज पर सहोना में भी कराएँ डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन





**ग्वालियर।** शहरों की तर्ज पर आदर्श ग्राम पंचायत सहोना में भी घर-घर से कचरा एकत्रित करने की व्यवस्था करें। बड़े पैमाने पर नाडेप व केंचुआ खाद उत्पादन इकाई (वर्मी कम्पोस्ट) बनवाई जाएं। साथ ही सहोना ग्राम पंचायत से जुड़े सभी गाँवों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएँ, जिससे सहोना सही मायने में आदर्श ग्राम पंचायत बन सके। यह बात सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने सांसद आदर्श ग्राम योजना में शामिल डबरा विकासखण्ड के ग्राम सहोना के भ्रमण के समय कही। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। इन दोनों भवनों का निर्माण लगभग 25 लाख रूपए की लागत से कराया गया है। सांसद श्री शेजवलकर रविवार को जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल के साथ आदर्श ग्राम पंचायत ग्राम सहोना के भ्रमण पर पहुँचे थे। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा व श्री कप्तान सिंह सहसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, डबरा के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री प्रदीप कुमार शर्मा एवं जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. विजय दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उनके साथ थे। आदर्श ग्राम पंचायत के भ्रमण के दौरान सांसद श्री शेजवलकर ने पंचायत में निर्माणाधीन नाले, सीसी रोड़ एवं स्वीकृत नल-जल योजना सहित अन्य विकास कार्य भी देखे। उन्होंने नल-जल योजना का काम जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा, जिससे स्थायी रूप से ग्राम सहोना की पेयजल समस्या का समाधान हो सके। श्री शेजवलकर ने सहोना में शासन स्तर से हाईस्कूल की मंजूरी दिलाने के लिये प्रयास करने की बात भी कही। साथ ही स्थानीय छदूँद नदी पर स्टॉप डैम एवं दो रिंग बंड बनाने के लिये जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से कहा। सांसद ने कृषि, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के मैदानी अमले से कहा कि वे विभागीय योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे ग्राम पंचायत से अधिक से अधिक किसान इन योजनाओं से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा सकें। उन्होंने गाँव में निर्धारित शेड्यूल के तहत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल ने इस मौके पर निर्देश दिए कि आदर्श सहोना ग्राम पंचायत में हर माह विशेष शिविर लगाएँ। शिविर के जरिए वृद्धावस्था पेंशन, खाद्यान्न पर्ची, रोजगार, नामांतरण-बंटवारा, बिजली बिल आदि से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाए।

### साइक्लोथोन स्वच्छ ग्वालियर यात्रा का आयोजन

# स्वच्छता को बनाए अपनी आदत : निगमायुक्त



**ग्वालियर।** शहर साफ और स्वच्छ बनेगा तो हम देश में प्रथम स्थान पर आ सकते हैं। लेकिन इसके लिए हम सबको मिलकर शहर को साफ और स्वच्छ रखने के लिए प्रण करना होगा कि कचरा सड़क पर ना फेंके । कचरा डोर टू डोर वाहन में ही डालें, साथ ही टॉयलेट सड़क पर न करें, टॉयलेट में ही करें तभी हम अपने शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान दिला सकते हैं। शहर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छ भारत अभियान मिशन से जुड़ने के लिए रोटरेक्ट क्लब ऑफ ग्वालियर रीगल द्वारा नगर निगम ग्वालियर एवं शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, महाविद्यालय एवं विद्यालयों के सहयोग से स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए साइक्लोथोन स्वच्छ ग्वालियर यात्रा का आयोजन किया गया। रैली को निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साईक्लोथोन रैली में वी आर जी कॉलेज, साइंस कॉलेज, एम एल बी कॉलेज, अमेटी यूनिवर्सिटी, आईटीएम यूनिवर्सिटी, एम आई टी एस कॉलेज की एन एस एस ओर एन सी सी, एमपी व्हीलचेयर क्रिकेट टीम, नेहरू युवा केंद्र , रिलायंस फाउंडेशन , दिव्यांशी फाउंडेशन , भारत विकास परिषद , आई एन एस एमपी , पुरुषोत्तम बिहार संस्था , रोटरी क्लब, बजरंग सेवा, स्वीट होम क्लब, माधव महाविद्यालय, एक्सीलेंट स्कूल मुरार के सहयोग से स्वच्छता का संदेश देते हुए साईकल रैली निकाली। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि निगम के कर्मचारी पूरे शहर को साफ नही कर सकते इसके लिए हम सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास रहना चाहिए कि हम आमजन को स्वच्छता के प्रति आदत डालने का कार्य करें। जिससे हमारा शहर स्वच्छता में प्रथम स्थान ला सके । साईकल रैली में शामिल हुए सभी युवाओ को स्वच्छता का कैप व लोगो पहना कर उनका स्वागत किया। साथ ही साईकल रैली में सहयोग देने वाली संस्थाओं का सम्मान स्वच्छता का प्रमाण पत्र देकर किया और सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। यात्रा याना बाइसिकल स्टैंड से शुरू होकर बाल भवन पर समाप्त हुई। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री नरोत्तम भार्गव, श्री पवन दीक्षित, श्री आकाश बरुआ सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

# राजपूत और तोमर के साथ झूले में बैठ 40 फीट ऊंपर पहुंचे सिंधिया





### ग्वालियर मेले की भव्यता देख ज्योतिरादित्य बोले वाह! क्या लग रहा है मेरा मेला-

**ग्वालियर।** भाजपा के राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने झूले का लुत्फ उठाया। सिंधिया झूले में बैठकर 40 फीट की ऊंचाई पर पहुंचे फिर हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। ऊंचाई पर पहुंचने के बाद ग्वालियर मेले की भव्यता देख ज्योतिरादित्य सिंधिया बोल उठे, वाह! क्या लग रहा है मेरा मेला, शानदार। ग्वालियर व्यापार मेला सिंधिया के पूर्वजों की देन है। यह मेला हमेशा से ही सिंधिया राज घराने की आन-बान और शान माना जाता रहा है। इस मेले का नाम ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला रखा गया है। ऐसी कहानियां प्रचलित हैं कि 100 वर्ष पुराने इस मेले में सिंधिया राज घराने के महाराज भेष बदलकर पहुंचते थे। भेष बदलने का कारण यही होता था कि कोई उन्हें पहचान न ले, साथ ही वह मेला की कमियों को खुद देख और समझकर उन्हें दूर कर सकें। सिंधिया ने फेडरेशन हॉल में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर भी मौजूद थे। इसके बाद ज्योतिरादित्य मेले में भ्रमण करने निकले। उन्होंने मेले में सैलानियों को बिना मास्क देखा तो उन्हें समझाइश दी और कहा कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए सावधानी में ही सुरक्षा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया मेले में लगी दुकानों पर पहुंचे। यहां व्यापारियों से उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की। साथ ही उनको अच्छे कारोबार का भरोसा दिलाया। व्यापारियों से बात करने के बाद वह झूला सेक्टर में पहुंचे। गोविंद सिंह राजपूत और प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ झूले में बैठकर ऊंचाई पर पहुंचे और मेले का आनंद उठाया।

# नगर की दहलीजों पर बनेंगे खूबसूरत प्रवेश द्वार

### कुशवाह नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी सीईओ के साथ स्थल भ्रमण करने पहुँचे



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर की दहलीज पर खूबसूरत प्रवेश द्वार बनाए जायेंगे। नगर के चारों ओर के मुख्य मार्गों पर ये प्रवेश द्वार बनेंगे। इस सिलसिले में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने रविवार को नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा एवं स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयती सिंह के साथ भ्रमण कर प्रवेश द्वारों के लिये प्रस्तावित स्थलों का जायजा लिया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने स्थल भ्रमण के दौरान निर्देश दिए कि शहर के चारों ओर के मार्गों पर ग्वालियर शहर के ऐतिहासिक वैभव को ध्यान में रखकर एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग कर प्रवेश द्वार बनाए जाएँ। सभी प्रवेश द्वार खूबसूरत हों और दूर से ही लोगों को आकर्षित करें, जिससे अन्य शहरों से आने वाले लोगों को दूर से ही आभास हो जाए कि हम ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा प्रवेश द्वारों के रखरखाव व साफ-सफाई की भी पुख्ता व्यवस्था की जाए। रविवार को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ खासतौर पर पुरानी छावनी, निरावली, मोहनपुर, सिरोल रोड़, मालवा कॉलेज व गिरवाई सहित प्रवेश द्वारों के लिये प्रस्तावित स्थलों का जायजा लिया। नगर निगम आयुक्त श्री वर्मा एवं स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने कहा कि ग्वालियर के हैरीटेज व ऐतिहासिक स्वरूप को ध्यान में रखकर प्रवेश द्वारों के निर्माण की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जायेगा। इस अवसर पर नगर विकास से जुड़े अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। नगर के प्रवेश द्वारों के प्रस्तावित निर्माण स्थलों का जायजा लेने निकले राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने वीरपुर बांध का सौंदर्यीकरण कराने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि हैरीटेज स्वरूप के साथ वीरपुर बांध का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराएँ, जिससे पानी के बड़े स्त्रोत के संरक्षण के साथ-साथ शहर में पर्यटन के लिये भी एक स्थान उपलब्ध हो सके।

## बाइक ने बाइक में टक्कर मारी - पत्नी की मौत पति घायल

**ग्वालियर।** शहर के मुरार थाना क्षेत्र में खुरैरी गांव के पास दंदरौआ मंदिर से दर्शन कर घर लौट रही दंपति की बाइक में एक बाइक ने टक्कर मार दी इस घटना में बाइक पर बैठी महिला की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार हजीरा थाने के न्यू नरसिंह नगर निवासी अरविंद्र धाकड मानसिंह कॉलेज में कर्मचारी है। शनिवार को वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से दंदरौआ हनुमान मंदिर के दर्शन करने गए थे । जब वह वापस लौट रहे थे तभी मुरार थाना क्षेत्र में खुरैरी गांव के पास एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दंपति नीचे गिरकर घायल हो गए उनकी पत्नी के सिर में चोट आ गई ।

# कोविड-19 वैक्सीनेशन का दूसरा फेज आज से शुरू होगा

### कमिश्नर सक्सेना ने की तैयारियों की समीक्षा

**ग्वालियर।** कोविड-19 महामारी से बचाव के लिये आज एक मार्च से द्वितीय फेज का वैक्सीनेशन शुरू हो रहा है। इस फेज में 60 वर्ष की उम्र से अधिक एवं 45 वर्ष से 59 वर्ष तक की उम्र के ऐसे व्यक्ति जिनको कोई बीमारी है, उन्हें कोविड-19 का टीका लगाया जायेगा। ग्वालियर एवं चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने दोनों संभागों के कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गूगल मीट के द्वारा चर्चा कर वैक्सीनेशन की तैयारियों की समीक्षा की। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने निर्देश दिए कि सभी जिलों के अधिकारी यह प्लानिंग करें कि उनके जिले में कुल कितने लोगों का वैक्सीनेशन होना है एवं उन्हें लाने-लेजाने की जिम्मेदारी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कमिश्नर श्री सक्सेना ने की तैयारियों की समीक्षा सौंपी जाए। ये लोग वृद्धावस्था पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को विशेष रूप से वैक्सीनेशन सेंटर तक लाने ले जाने की व्यवस्था करें। इस कार्य में एनजीओ एवं जन अभियान परिषद के लोगों को भी जिम्मेदारी दी जाए। इसके अलावा बूथ लेवल ऑफीसर को भी लोगों को लाने के लिये लक्ष्य दिए जाएं। यह पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है कि वह 60 वर्ष से ऊपर वाले एवं 45 वर्ष से 59 वर्ष तक के ऐसे व्यक्ति जिन्हें कोई बीमारी हो उन्हें लाने की व्यवस्था करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र में विशेष रूप से वार्ड पर फोकस किया जाए कि किस वार्ड के लोगों को किस दिन बुलाना है ताकि वैक्सीनेशन सेंटर पर लोगों की भीड़ नहीं हो। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन लोगों को कोविड-19 का टीका लगना है उनका मौके पर पंजीयन किया जाए। श्री आशीष सक्सेना ने निर्देश दिए कि किसी भी सेंटर पर भीड़ एकत्रित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही इस कार्य के लिये जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया जाए। वैक्सीनेशन सेंटर पर कम से कम 10 लोग टीका लगवाने के लिये तैयार हो जाएँ तभी वाइल खोली जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ग्वालियर जिले में 9 केन्द्रों पर टीकाकरण किया जायेगा। इसमें पाँच केन्द्र प्राइवेट अस्पालों में तथा चार केन्द्र सरकारी अस्पतालों में बनाए गए हैं। ग्वालियर जिले में लगभग 60 वर्ष से ऊपर के 3 लाख लोगों को टीके लगाए जाना है।

# कार सवार युवकों ने कारोबारी की मारपीट कर एक्टिवा तोड़ी

**ग्वालियर।** इंदरगंज थाना क्षेत्र के जिंसी नाला नंबर एक में दुकान बंद कर कर्मचारी के साथ वापस घर जा रहे कारोबारी के साथ कार से आए चार युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे दी और उसकी एटिक्वा तोड डाली ।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश प्रारंभ कर दी है।जानकारी के अनुसार इंदरगंज थाना क्षेत्र के कैलाश टॉकीज के पास रहने वाले धर्मेन्द्र पुत्र मुन्ना लाल जैन पेशे से व्यवसायी हैं और उनकी जिन्सी नाला नंबर एक पर बैटरी की शॉप है। बीते रोज उनका एक व्यक्ति से विवाद हो गया तभी आस-पास के लोगों के प्रयास से मामला शांत हो गया । देर रात जब वह दुकान बंद कर वापस घर जा रहे थे तभी कार से आए युवकों ने उनकी तथा उनके कर्मचारी मुकेश प्रजापत की मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उनकी एक्टिवा की तोड़फोड़ कर दी। इसी दौरान आसपास के लोग आ गए तो कार सवार लोग भाग निकले। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## कार में मिली पटवारी की लाश

**ग्वालियर।** विदिशा से कार से पत्नी को ग्वालियर लेने निकले पटवारी का शव कंपू थाना क्षेत्र में शीतला माता मंदिर तिराहे के पास उसकी ही कार में मिला है। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार विदिशा के नाथनपुर के निवासी राजकुमार पुत्र खेमचंद जाटव पटवारी के पद पर पदस्थ हैं। उनकी ससुराल नौगांव में है बीते दिनो उनकी पत्नी अपने मायके आई थी। राजकुमार शनिवार को बिदिशा से कार मे सवार होकर ग्वालियर के लिए रवाना हुए। शाम तक जब वह अपनी ससुराल नहीं पहुंचे तो उनकी पत्नी ने मोबाइल लगाया। लेकिन फोन उनके मोबाइल पर घंटी जा रही थी लेकिन उठ नहीं रहा था। इस बीच विदिशा से परिजन भी फोन करते रहे। चिंता हुई और परिजन दूसरे वाहन से ग्वालियर के लिए रवाना हो गए। पूरे रास्ते उन्हें देखते आए लेकिन कार कहीं नहीं मिली। इस बीच पति के लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई। क्राइम ब्रांच ने मोबाइल नंबर को ट्रेसिंग पर लगाया तो उसकी लोकेशन शिवपुरी लिंक रोड के पास शीतला माता मंदिर रोड के रेलवे पुल पर मिली। कंपू थाने की पुलिस ने देखा कि कार साइड में लगी है और अंदर राजकुमार सीट पर पड़े हुए थे। कार का शीशा तोड़कर दरवाजा खोला गया तो देखा कि उनकी मौत हो चुकी थी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478